प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



अमेरिका में मंदिर-मस्जिदों को ख़तरों से बचाने की तैयारी पेज- 2

डीएम ने रारा गौशाला का किया आकस्मिक निरीक्षण पेज- 8

वर्ष : 15 अंक : 130 | शुक्रवार 01 मई 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रूपया

## यूपी विधानसभा सत्र: महिला आरक्षण को लेकर बरसे मुख्यमंत्री योगी

### कहा-विपक्ष महिला विरोधी मानसिकता से ग्रसित

(एजेंसी) लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जो लोग जन्मजात महिला विरोधी हैं, वही आज हंगामा कर रहे हैं। विधानसभा में पत्रकारों से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी का शासनकाल प्रदेश की जनता भली–भांति याद रखती है। उस दौर में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को लेकर गंभीर सवाल खड़े हुए थे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, देख सपाई बिटिया घबराई, जो उनके पुराने कार्यकाल की वास्तविकता को दर्शाता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महिला आरक्षण के मुद्दे पर सपा के पास समर्थन करने का एक सुनहरा अवसर था, लेकिन उन्होंने उसका विरोध किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा और कांग्रेस दोनों ही महिला विरोधी मानसिकता से ग्रसित हैं और नारी के अधिकारों पर डाका डालने का काम करती रही हैं। मुख्यमंत्री ने विपक्ष को



चुनौती देते हुए कहा कि यदि उनमें नैतिक साहस है तो वे सदन में चर्चा में भाग लें और बताएं कि उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियमष का विरोध क्यों किया। उन्होंने आगे कहा कि सपा और कांग्रेस को देश की महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए। साथ ही, उन्होंने अपने निंदा प्रस्ताव के संदर्भ में भी विपक्ष से माफी की मांग की। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि उनकी सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी प्रकार की लापरवाही या विरोध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उत्तर प्रदेश विधानसभा के विशेष सत्र में महिला आरक्षण संशोधन विधेयक को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस और टकराव देखने को मिला। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने साफ तौर पर कहा कि यह मुद्दा केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र का है, इसलिए इस पर राज्य विधानसभा में चर्चा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सरकार के प्रस्ताव का विरोध करते हुए आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। उनके इस बयान के बाद सदन में माहौल गरमा गया। वहीं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने विपक्ष के रुख पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण को लेकर सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है और यह मुद्दा पूरे देश व प्रदेश की महिलाओं के सम्मान और अधिकारों से जुड़ा है। विपक्ष द्वारा इस पर सवाल उठाना दुर्भाग्यपूर्ण है। स्थिति को संभालने के लिए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने हस्तक्षेप किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी विषय पर सदन में चर्चा कराई जा सकती है और अध्यक्ष को विशेष अधिकार प्राप्त हैं, जिनका प्रयोग करते हुए इस विषय पर चर्चा कराई जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि अभी चर्चा शुरू भी नहीं हुई है और विपक्ष पहले से ही उतावला दिखाई दे रहा है। उन्होंने विशेष सत्र के आयोजन के लिए सभी सदस्यों का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि वर्ष 2023 में केंद्र सरकार द्वारा पारित महिला वंदन अधिनियम महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि इस प्रावधान के तहत महिलाओं की हिस्सेदारी 33 प्रतिशत सुनिश्चित की जा रही है, जो अन्य प्रतिनिधित्व को जोड़ने पर लगभग 40 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आधी आबादी के लिए उठाए जा रहे सकारात्मक कदम भी उन्हें स्वीकार नहीं हैं, जो उनके दृष्टिकोण को दर्शाता है।

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह लद्दाख में विभिन्न डेयरी अवसंरचना एवं सहकारी पहलों का करेंगे उद्घाटन

(एजेंसी) नई दिल्ली। सहकारिता आधारित ग्रामीण विकास को सुदृढ़ करने और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में




डेयरी क्षेत्र को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत, माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 1 मई, 2026 को केंद्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान, लेह में आयोजित एक कार्यक्रम में विभिन्न प्रमुख पहलों का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह तथा लद्दाख के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना भी उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम दूध प्रसंस्करण क्षमता को बढ़ाने, कोल्ड–चेन प्रणालियों को सुदृढ़ करने तथा स्थानीय डेयरी किसानों के लिए बाजार संपर्क को विस्तारित करने के उद्देश्य से विभिन्न डेयरी अवसंरचना परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास का साक्षी बनेगा। इस कार्यक्रम में क्षेत्र में सहकारी डेयरी संचालन के आधुनिकीकरण हेतु डिजिटल एवं संस्थागत पहलों का भी शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान माननीय मंत्री कारगिल में 10 टीएलपीडी क्षमता वाले डेयरी प्लांट का शिलान्यास करेंगे तथा लेह में दही एवं पनीर उत्पादन सहित नई डेयरी प्रसंस्करण इकाइयों का उद्घाटन करेंगे। इसके अतिरिक्त, दूध के भंडारण एवं परिवहन अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए बल्क मिल्क कूलर प्रणाली का शुभारंभ किया जाएगा। सहकारी क्षेत्र में डिजिटल सशक्तीकरण के विजन को और मजबूत करते हुए, खरीद प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने तथा किसानों को भुगतान में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एंड्रॉयड–आधारित ऑटोमेटेड मिल्क कलेक्शन सिस्टम एप्लिकेशन का शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत एक मोबाइल दूध परीक्षण प्रयोगशाला को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा, जिसका उद्देश्य गुणवत्ता सुनिश्चित करना तथा जमीनी स्तर पर डेयरी किसानों को सहयोग प्रदान करना है। प्रमुख हितधारकों के बीच डेयरी उत्पादों के विपणन को बढ़ावा देने हेतु समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए जाएंगे, जिससे स्थानीय उत्पादकों को बेहतर बाजार उपलब्धता और मूल्य प्राप्ति सुनिश्चित होगी।सरकार के किसान कल्याण और सहकारी सशक्तीकरण पर विशेष जोर के अनुरूप, इस अवसर पर क्षेत्र के प्रगतिशील डेयरी किसानों को सम्मानित भी किया जाएगा। यह पहल सहकारी संस्थाओं को सशक्त बनाने, ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने तथा देश के दूरस्थ क्षेत्रों में समावेशी आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए "सहकार से समृद्धि" के दृष्टिकोण को साकार करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## महाराष्ट्रः पुणे के कोंढवा में क्लोरीन गैस लीक से मची दहशत, 17 लोग बीमार, अस्पताल में भर्ती

(एजेंसी) पुणे। महाराष्ट्र के पुणे के कोंढवा इलाके में बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात उस समय दहशत फैल गई, जब गंगाधाम चौक के पास स्थित एक केमिकल प्लांट के स्टोरेज टैंक से खतरनाक गैस लीक होने की खबर मिली। अधिकारियों के अनुसार, शुरू में कम से कम 17 लोगों ने सांस लेने में दिक्कत की शिकायत की उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन यह संख्या बढ़ सकती है। शुरुआती जांच से पता चला है कि क्लोरीन गैस वाले एक सिलेंडर से रिसाव हुआ था, जिसे पास में ही स्थित एक बंद पड़े जल शुद्धिकरण केंद्र में छोड़ा गया था। अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने श108श सरकारी एम्बुलेंस से 14 प्रभावित लोगों को ससून जनरल अस्पताल और अन्य नजदीकी चिकित्सा केंद्रों में पहुंचाया। प्रभावित इलाकों से निवासियों को तुरंत सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। इस रिसाव का असर बचाव कर्मियों पर भी पड़ा। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी और एक जवान की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें भी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि स्थिति अब नियंत्रण में है। रिसाव को रोकने के लिए कुल चार दमकल गाड़ियां, जिनमें ब्रीदिंग एपरेटस (बीए) सेट से लैस एक विशेष वाहन भी शामिल था, तुरंत मौके पर भेजी गईं, जिससे एक बड़ी आपदा टल गई। अधिकारियों ने निवासियों को आश्वस्त किया है कि स्थिति अब स्थिर है और प्रभावित सभी लोग खतरे से बाहर हैं। इस बात की जांच शुरू कर दी गई है कि एक बंद पड़ी जगह पर इतना खतरनाक पदार्थ कैसे जमा हो गया, जिससे सुरक्षा नियमों के पालन और निगरानी को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। इससे पहले 2 मार्च को पालघर के बोईसर एमआईडीसी इलाके में स्थित एक केमिकल यूनिट में ओलियम गैस (फ्यूमिंग सल्फ्यूरिक एसिड) का भारी रिसाव हुआ था, जिसके कारण 1,600 छात्रों सहित 2,600 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना पड़ा था। राष्ट्रीय मानवाधिकारआयोग (एनएचआरसी) ने इस घटना का संज्ञान लिया था, क्योंकि इसमें संभावित मानवाधिकारों के उल्लंघन की आशंका थी।

## तमिलनाडु और केरल में कांग्रेस की साझेदारी वाले गठबंधनों को मिलेगा बहुमत : खरगे

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने तमिलनाडु और केरल विधानसभा चुनावों में पार्टी की साझेदारी वाले गठबंधनों के स्पष्ट बहुमत हासिल करने की बृहस्पतिवार को उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि असम में नौ अप्रैल को हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को श्एग्जिट पोलश के अनुमान से अधिक सीटें मिलेंगी। खरगे ने कहा कि पुडुचेरी में कांग्रेस ने कड़ा मुकाबला किया है, जबकि पश्चिम बंगाल में लड़ाई पार्टी की स्थिति मजबूत करने के लिए रही है। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों के तहत मतगणना चार मई को होगी। खरगे ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं से कहा, कुछ जगहों पर एग्जिट पोल के नतीजे स्पष्ट दिख रहे हैं, लेकिन कुछ परिणामों ने भ्रम की स्थिति पैदा की है। मेरा मानना है कि तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) को स्पष्ट बहुमत मिलेगा। मैंने वहां के लोगों से बात की है। इसी तरह केरल में हमारे लोगों ने बताया है कि कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) को बहुमत मिलेगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने एक सवाल के जवाब में कहा, एग्जिट पोल में, असम में हमें अपेक्षा के अनुरूप सीटें नहीं दी गई हैं, लेकिन मुझे भरोसा है कि हमें उनसे अधिक सीटें मिलेंगी। पुडुचेरी में हमने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और ऑल इंडिया एन आर कांग्रेस के खिलाफ बराबरी की लड़ाई लड़ी है। वहां भी हमें उम्मीदें हैं। यह कड़ा मुकाबला रहा है, कुछ दिन इंतजार करते हैं।श्श पश्चिम बंगाल के बारे में उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल और आंतरिक सूचना के अनुसार मुकाबला कड़ा रहा है। खरगे ने कहा, ष्हमारी जानकारी के अनुसार तृणमूल कांग्रेस आगे है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान पश्चिम बंगाल में भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने केंद्रीय बलों की तैनाती के जरिए दमन करने और डराने–धमकाने की कोशिश की, ताकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस को कड़ी टक्कर दी जा सके। उन्होंने कहा, कांग्रेस के लिए, पश्चिम बंगाल में हमारी शुरू से



ही लड़ाई रही है। हमने वहां पहली बार अकेले चुनाव लड़ा है। हमारी लड़ाई पार्टी के हित और उसके विस्तार के लिए रही है। खरगे ने कहा कि उनकी जानकारी के अनुसार, विधानसभा चुनावों के नतीजे पार्टी की अपेक्षाओं के अनुरूप होंगे। उन्होंने कहा, श्श्अभी तीन दिन बाकी हैं। अभी कुछ कहना ठीक नहीं होगा। कुछ दिन इंतजार करें, तस्वीर साफ हो जाएगी।श्श बुधवार को जारी कई एग्जिट पोल में असम में भाजपा की प्रचंड जीत और पश्चिम बंगाल में उसे सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर बढ़त मिलती दिखायी गई है, जबकि तमिलनाडु में द्रमुक के सत्ता में बने रहने तथा केरल में कांग्रेस नीत यूडीएफ की 10 साल बाद वापसी का अनुमान जताया गया है। हालांकि, कुछ सर्वेक्षणों में पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की बड़ी जीत और तमिलनाडु में त्रिशंकु विधानसभा की संभावना भी जताई गई है। लगभग सभी एग्जिट पोल में पुडुचेरी में राजग सरकार की वापसी का अनुमान जताया गया है।

## कूंड तालाब पर कब्जों का जाल, जांच दबने के आरोप

### - नए जिलाधिकारी से जगी उम्मीद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर का ऐतिहासिक कूंड तालाब अतिक्रमण और अवैध कब्जों की मार झेल रहा है। एक समय था जब इस तालाब में विदेशी पंछियों का जमावड़ा लगता था, मछलियों की भरमार रहती थी और लोग यहां नाव चलाकर आनंद लेते थे लेकिन अब स्थिति चिंताजनक हो चुकी है। तालाब के चारों ओर तेजी से अतिक्रमण फैल चुका है। मिट्टी डालकर तालाब को पाटा जा रहा है और उस पर पक्के मकान व सड़कें बना दी गई हैं। इतना ही नहीं, इस भूमि पर कई नामचीन बिल्डिंग्स भी बनकर तैयार हो चुकी हैं। इस गंभीर मुद्दे को लेकर कई सामाजिक संगठनों ने आवाज



उठाई है। शासन स्तर से कई बार टीमें मौके पर सर्वे भी कर चुकी हैं, लेकिन आरोप है कि प्रभावशाली लोगों की मौजूदगी के चलते जांच हर बार दब जाती है और कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाती। शहरवासियों को अब नए जिलाधिकारी से उम्मीदें जुड़ी हैं। लोगों का कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच कराई जाए और सख्ती से कार्रवाई हो, तो तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराया जा सकता है। राजस्व अभिलेखों में दर्ज तालाबों पर कब्जा करना पूरी तरह अवैध है। इसके बावजूद खुलेआम अतिक्रमण होना प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है।

## भारत-इटली रक्षा वार्ता: इटली के रक्षा मंत्री ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

### -राजनाथ सिंह के साथ रणनीतिक सहयोग पर मंथन

(एजेंसी) नई दिल्ली। इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेट्टो भारत के आधिकारिक दौरे पर नयी दिल्ली पहुंचे हैं। यहां अपने दौरे की शुरुआत उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से की। यहां उन्होंने शहीद सैनिकों को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान इटली के रक्षा मंत्री ने भारतीय सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को सम्मानपूर्वक नमन किया। इसके बाद दिल्ली कैंट स्थित मानेकशॉ केंद्र में उनका औपचारिक स्वागत किया गया। यहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। यह सम्मान दोनों देशों के बीच मजबूत होते रक्षा संबंधों को दर्शाता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके इतालवी समकक्ष के बीच गुरुवार को ही नयी दिल्ली में अहम द्विपक्षीय वार्ता हो रही है। इस बैठक में दोनों देश रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा कर रहे हैं। साथ ही, क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विचार–विमर्श किया जा रहा है। यह बैठक वर्ष 2023 में रोम में हुई उच्चस्तरीय वार्ता के बाद दोनों देशों के बीच बढ़ती नजदीकियों का अगला कदम मानी जा रही है। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक भारत और इटली रक्षा क्षेत्र में औद्योगिक साझेदारी को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। भारत और यूरोपीय संघ के बीच बढ़ती रणनीतिक और रक्षा



साझेदारी का भी इस संबंध पर सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। दोनों देश आधुनिक रक्षा तकनीक, संयुक्त उत्पादन और अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, यह दौरा केवल औपचारिक यात्रा नहीं है, बल्कि भारत और इटली के बीच रक्षा सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकेत है। बदलते वैश्विक परिदृश्य में दोनों देश एक–दूसरे के विश्वसनीय साझेदार के रूप में उभर रहे हैं। दरअसल यह द्विपक्षीय वार्ता ऐसे समय में हो रही है जब वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य लगातार बदल रहा है। बदलते सुरक्षा परिदृश्य के चलते विभिन्न देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी की अहमियत भी बढ़ गई है। राजनाथ सिंह व इटली के रक्षामंत्री के बीच इस वार्ता को रक्षा सहयोग और मजबूत करने की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेता भारत और इटली के बीच रक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा करेंगे। इसमें सैन्य सहयोग, रक्षा उद्योग में साझेदारी, नई तकनीकों के आदान–प्रदान और रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में संभावनाओं पर विशेष ध्यान रहेगा। साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर भी विचार–विमर्श होगा, ताकि दोनों देश एक साझा समझ विकसित कर सकें।गौरतलब है कि भारत और इटली के बीच रक्षा संबंधों में पिछले कुछ वर्षों में काफी प्रगति हुई है। अक्टूबर 2023 में राजनाथ सिंह की इटली यात्रा के बाद इन संबंधों को नई गति मिली थी। उस यात्रा के दौरान दोनों देशों ने रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई थी। अब इटली के रक्षा मंत्री की यह पहली भारत यात्रा इस बात का संकेत है कि दोनों देश इस सहयोग को और आगे ले जाने के लिए गंभीर हैं। जनवरी 2026 में भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुए रक्षा और रणनीतिक साझेदारी समझौते ने भी इस रिश्ते को मजबूती दी है। गौरतलब है कि मंगलवार को ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रूस व चीन के रक्षा मंत्रियों से भी मुलाकात व बातचीत की है। रूसी रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव के साथ मुलाकात के बाद राजनाथ सिंह ने इस बातचीत को बेहतरीन और सार्थक बताया।माना जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा हालात पर विस्तार से चर्चा हुई। खास तौर पर रक्षा सहयोग, सैन्य तकनीक और संयुक्त परियोजनाओं को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया।

# सम्पादकीय

## राज्यसभा में भाजपा की स्थिति हुई और मज़बूत

राघव चड्ढा प्रकरण ने राज्यसभा की प्रासंगिकता पर सवाल उठा दिया है। मै नफीस जाफरी आपको यह बात दूं राघव चड्ढा तो आम आदमी पार्टी के 6 सांसदों के साथ भाजपा में शामिल हो गए हैं। सभापति ने आम आदमी पार्टी के टूटे हुए हिस्से के भाजपा में विलय को मान्यता भी दे दी है – और उसके साथ ही आम आदमी पार्टी की तरफ से अपने सांसदों की सदस्यता रद्द कराने की कोशिश भी नाकाम हो चुकी है। दल–बदल के इस ताजा प्रकरण राज्यसभा के लिए उम्मीदवारों के चयन, चुनाव प्रक्रिया और पार्टियों के .ष्टिकोण पर सवाल उठा दिया है। और यह भी कि एक डेमोक्रेसी में आखिर जनता सिर्फ मूकदर्शक बने रहे। ऐसे मामलों में दूध के धुल तो लोकसभा सांसद भी नहीं हैं। वहां भी खूब दल–बदल हुआ है। लेकिन, जनादेश की तलवार लोकसभा के हर सांसद पर लटकती है। उसे पता है कि वह जो भी कर ले, आखिरी कसौटी जनता ही है। चुनाव में उसी का सामना करना पड़ेगा. ऐसे में लोकसभा सदस्य और राजनीतिक दल फूंक–फूंक कर कदम रखते हैं। लेकिन, जब राज्यभा यानी उच्च सदन की बारी आती है, तो सारे पैमाने निम्न स्तर पर चले जाते हैं। वहीं जैसा कि उल्लेखनीय है कि राज्यसभा के सभापति ने आम आदमी पार्टी (आप) के एक गुट के भाजपा में विलय को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही 'आप' के 7 सांसद औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल हो गए हैं। राज्यसभा के ताजा आंकड़ों के अनुसार डॉ. अशोक कुमार मित्तल, राघव चड्ढा, हरभजन सिंह, डॉ. संदीप कुमार पाठक, डॉ. विक्रमजीत सिंह साहनी, स्वाति मालीवाल और राजेंद्र गुप्ता अब भाजपा के सांसद माने जाएंगे। इसके बाद भाजपा के राज्यसभा सांसदों की संख्या बढ़कर 113 हो गई है। इस विलय के बाद आम आदमी पार्टी के राज्यसभा में अब केवल 2 सांसद रह गए हैं। इसके साथ ही राज्यसभा में भाजपा की स्थिति ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गई है। यदि सात मनोनीत सांसदों और दो निर्दलीय सांसदों–दिलीप रे और कार्तिकेय शर्मा.को भी जोड़ लिया जाए, तो भाजपा बिना किसी सहयोगी दल के बहुमत के आंकड़े 123 से सिर्फ एक सीट पीछे रह जाती है। इससे पहले वर्ष 1988 में कांग्रेस आखिरी बार अपने दम पर राज्यसभा में बहुमत के करीब पहुंची थी। यानी पिछले लगभग 40 वर्षों में कोई भी दल अकेले दम पर इस स्थिति तक नहीं पहुंच सका था, लेकिन अब भाजपा धीरेध्धीरे उस स्तर की ओर बढ़ रही है। इस साल के अंत तक भाजपा की स्थिति और मजबूत हो सकती है, क्योंकि अभी 35 राज्यसभा सीटों पर चुनाव होने हैं। इनमें उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और उत्तराखंड जैसे राज्यों में भाजपा की स्थिति मजबूत मानी जा रही है। सहयोगी दलों को मिलाकर भाजपा की कुल संख्या राज्यसभा में 148 तक पहुंच चुकी है, जो दोघतिहाई बहुमत के आंकड़े के बेहद नजदीक है। इतनी बड़ी संख्या के साथ भाजपा अब राज्यसभा में कई अहम विधेयकों को आसानी से पारित कराने की स्थिति में आ गई है। दूसरी ओर यह विपक्ष के लिए बड़ा झटका है। हाल ही में महिला आरक्षण लागू करने के लिए लाए गए संविधान के 131वें संशोधन विधेयक को सरकार लोक सभा में पारित नहीं कर सकी थी। इसके विरोध में 230 वोट पड़े थे जो विपक्षी एकता का सबूत है। लेकिन अब हालात बदल जाएंगे. लोक सभा में चाहे सरकार को दो–तिहाई बहुमत पाने में परेशानी हो। लेकिन राज्य सभा में वह इसके काफी नजदीक पहुंच गए हैं। अमूमन सर्वदलीय बैठकों में भी सरकार की ओर से निमंत्रण संख्या बल के आधार पर मिलता है। कई बार पांच से कम सदस्य संख्या वाली पार्टियों को नहीं बुलाया गया। हालांकि, लोक सभा में आम आदमी पार्टी के तीन सांसद हैं और ऐसे में उसके संसदीय दल में अब भी 6 सांसद हैं। संसदीय समितियों में भी आम आदमी पार्टी का प्रतिनिधित्व घटेगा और विपक्ष की बैठकों में भी उसकी आवाज कमजोर पड़ेगी।



नफीस जाफरी

# अमेरिका में मंदिर-मस्जिदों को ख़तरों से बचाने की तैयारी



गुलफिशा खान

अमेरिका की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक बड़ी सच्चाई सामने आई है। अब तक दुनिया की सबसे ताकतवर मानी जाने वाली अमेरिका एयर डिफेंस सिस्टम असल में उतनी मजबूत नहीं है जितना समझा जाता था। यह बात खुद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सेना मान रही है। अमेरिकी रक्षा मंत्रायल के हेडक्वाटर यानी पेंटागन के अधिकारियों ने माना है कि यह सिस्टम बड़े हमलों, खासकर हाइपरसोनिक और क्रूज मिसाइलों से बचाने में लगभग नाकाम है। चीन, रूस और दूसरे देशों की बढ़ती सैन्य ताकत ने अमेरिका की चिंता बढ़ा दी है। इसी वजह से अब एक नए और महंगे "गोल्डन डोम" रक्षा सिस्टम की योजना बनाई जा रही है, जो भविष्य के खतरों से देश को बचा सके। बीते दिनों अमेरिका के सीनियर रक्षा और सैन्य अधिकारियों ने 2027 के बजट को लेकर संसद के सामने गवाही दी। उन्होंने बताया कि चीन, रूस, ईरान और नॉर्थ कोरिया से बढ़ते खतरे के कारण एडवांस मिसाइल डिफेंस सिस्टम की जरूरत है। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि दुश्मन देश अब "नॉन–बैलिस्टिक खतरे" विकसित कर रहे हैं, जिनमें हाइपरसोनिक और लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलें शामिल हैं, जो सीधे अमेरिका को निशाना बना सकती हैं। अमेरिका के युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ सीनेट की आर्म्ड सर्विसेज सबकमेटी के सामने पेश होने वाले हैं। वह यबां पेंटागन के 1.5 ट्रिलियन डॉलर के बजट का समर्थन करेंगे और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मल्टी–लेयर एयर डिफेंस सिस्टम की योजना को सही ठहराएंगे। इस योजना में 175 से 185 बिलियन डॉलर की लागत वाला "गोल्डन डोम" सुरक्षा कवच शामिल है, जैसा कि द हिल की रिपोर्ट में बताया गया है। अब बात अमेरिका की संसद में पेश हुए एक नए प्रस्ताव की तो मालूम हो कि अमेरिका में अल्पसंख्यकों के पूजा स्थलों पर हो रहे लगातार हमलों के बीच वहां की कांग्रेस में एक नया प्रस्ताव रखा गया है। इसका उद्देश्य हिंदू मंदिरों और अन्य पूजा स्थलों को उत्पीड़न से बचाना है। लॉमेकर्स का कहना है कि अलग–अलग धर्मों के लोगों के लिए खतरे बढ़ रहे हैं। इस प्रस्ताव का नाम सेफगार्डिंग एक्सेस टू कांग्रेगेशन्स एंड रिलीजियस एस्टैब्लिशमेंट्स फ्रॉम डिसरप्शनश (सेक्रेड एक्ट) है। इसके तहत किसी भी पूजा स्थल के 100 फीट के दायरे में लोगों को डराना, रास्ता रोकना या परेशान करना संघीय अपराध माना जाएगा। इस प्रस्ताव को टॉम सुओजी ने पेश किया था और मैक्स मिलर ने इसमें उनका साथ दिया। सुओजी ने कहा, किसी को भी परेशान होने या डराए–धमकाए जाने का हकदार नहीं होना चाहिए, खासकर तब जब वे अपने पूजा स्थल की ओर जा रहे हों। वहीं, मिलर ने कहा, हर अमेरिकी को बिना किसी डर, धमकी या उत्पीड़न के अपने धर्म का पालन करने का हक है। यह प्रस्ताव ऐसे समय में आया है जब धार्मिक स्थलों के आसपास हमलों और डराने–धमकाने की घटनाओं को लेकर चिंता बढ़ रही है। समर्थकों का कहना है कि हिंदू मंदिर, यहूदी प्रार्थना स्थल, मस्जिद और चर्च– सभी इस तरह की घटनाओं का सामना कर रहे हैं। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने कहा कि ष्पूरे अमेरिका में हिंदू मंदिरों को निशाना बनाने और उन्हें अपवित्र करने की घटनाओं में चिंताजनक बढ़ोतरी हुई है, जिससे श्रद्धालुओं में असुरक्षा की भावना पैदा हुई है। इस बिल के तहत अगर कोई पहली बार दोषी पाया जाता है, तो उसे जुर्माना या एक साल तक की जेल हो सकती है. अगर वही व्यक्ति दोबारा ऐसा करता है, तो सजा और सख्त हो सकती है, जिसमें तीन साल तक की जेल भी शामिल है। यह बिल पीड़ितों को दीवानी (सिविल) मामले दर्ज करने का अधिकार भी देता है। इसके अलावा अमेरिका के अटॉर्नी जनरल समेत अधिकारी ऐसे मामलों में रोक लगाने और मुआवजा दिलाने के लिए कदम उठा सकते हैं। इस बिल को कई संगठनों का समर्थन मिला है, जिनमें एंटी–डेफेमेशन लीग, अमेरिकन ज्यूइश कमेटी और इस्लामिक सोसाइटी ऑफ नॉर्थ अमेरिकाश शामिल हैं। एंटी–डिफेमेशन लीग के अनुसार, यहूदियों के खिलाफ नफरत की घटनाएं बढ़ रही हैं। साल 2024 में ऐसी 9,354 घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें 1,702 घटनाएं यहूदी संस्थानों में हुईं। अमेरिकन ज्यूइश कमेटी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 55 प्रतिशत यहूदियों ने डर के कारण अपनी दिनचर्या में बदलाव किया है। समर्थकों का कहना है कि अभी तक ऐसा कोई खास संघीय कानून नहीं है जो पूजा स्थलों के बाहर लोगों को परेशान किए जाने से बचाए। हालांकि इस बिल में यह भी साफ किया गया है कि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार बना रहेगा, जो अमेरिका के संविधान के पहले संशोधन के तहत सुरक्षित है। पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका में घृणा अपराध बढ़े हैं. हिंदू, यहूदी, मुस्लिम और सिख जैसे धार्मिक समुदायों ने अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। कानून बनाने वाले नेताओं का कहना है कि यह प्रस्ताव लोगों की सुरक्षा और उनके संवैधानिक अधिकारों के बीच संतुलन बनाने की कोशिश है। क्योंकि देश और दुनिया से जुड़े मुद्दों का असर समाज पर पड़ रहा है।



# केरलम का एग्ज़िट पोल-लेट के क़िले में कांग्रेस ने लगाई सेंध!



फरीद वारसी

असम, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में किसकी बनेगी सरकार बनेगी? 4 मई को इसकी तस्वीर साफ हो जाएगी। लेकिन इससे पहले एग्जिट पोल के नतीजे आ गए हैं, जिनमें अनुमान लगाया गया है। एग्जिट पोल के मुताबिक, पांच में से तीन– असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी में मौजूदा सरकार की ही वापसी की उम्मीद है। वहीं, पश्चिम बंगाल और केरल में इस बार सरकार बदलने का अनुमान है। छक्ज्ट च्वसस व ि•पज च्वससे के मुताबिक, असम में एनडीए की सरकार हैट्रिक लगाती दिख रही है। पुडुचेरी में भी एनडीए की ही वापसी होने की उम्मीद है। तमिलनाडु में एमके स्टालिन एक बार फिर सरकार बना सकती है। केरलम में इस बार एलडीफ और पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने का अनुमान लगाया गया है। असम– यहां 126 विधानसभा सीटें हैं और बहुमत का आंकड़ा 64 है। ।•पे डल प्दकपं के एग्जिट पोल में एनडीए को 88 से 100 सीट और कांग्रेस गठबंधन को 24 से 36 सीट मिल सकती है। असम के पोल ऑफ पोल्स के मुताबिक, एनडीए को 92 और कांग्रेस को 28 सीटें मिलने का अनुमान है। अन्य के खाते में 6 सीटें जा सकती हैं। जबकि, एआइयूडीएफ इस बार 0 पर सिमट सकती है। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए मतदान संपन्न होने के बाद अब एग्जिट पोल के नतीजे सामने आ गए हैं। तमिलनाडु चुनाव के लिए 'पीपल्स पल्स' द्वारा जारी एग्जिट पोल के अनुसार डीएमके गठबंधन सबसे मजबूत स्थिति में नजर आ रहा है। अनुमान है कि डीएमके गठबंधन को 125 से 145 सीटें मिल सकती हैं। वहीं, एआईएडीएमके गठबंधन को 65 से 80 सीटों के बीच सिमटने का आकलन किया गया है। जबकि अन्य के खाते में 2 से 6 सीटें जा सकती हैं। एग्जिट पोल के ये आंकड़े राज्य की राजनीतिक तस्वीर को लेकर शुरुआती संकेत जरूर दे रहे हैं, हालांकि अंतिम फैसला तो मतगणना के बाद ही साफ होगा। 'पीपल्स पल्स' के पुडुचेरी विधानसभा चुनाव 2026 के एग्जिट पोल में एनडीए की बढ़त दिखाई गई है। 30 सीटों वाली विधानसभा में एग्जिट पोल के मुताबिक एआईएनआरसी गठबंधन को 16 से 20 सीटें मिलने का अनुमान है। इस गठबंधन में एआईएनआरसी को 10–12 सीटें, भाजपा को 4–6 सीटें, जबकि एआईएडीएमके और एलजेके को 1–2 सीटें मिलने की संभावना जताई गई है। वहीं डीएमके के नेतृत्व वाले कांग्रेस+ गठबंधन को इस चुनाव में 6 से 8 सीटें मिलने का अनुमान है। इसमें डीएमके को 5–7 सीटें और कांग्रेस को 1–2 सीटें मिल सकती हैं। इसके अलावा टीवीके गठबंधन के खाते में 2 से 4 सीटें जाने की संभावना जताई गई है, जबकि अन्य दलों और निर्दलीयों को 1 से 3 सीटें मिलने का अनुमान है। 'पीपल्स पल्स' के अनुसार केरल विधानसभा चुनाव 2026 में यूडीएफ (कांग्रेसघ्गठबंधन) बढ़त में नजर आ रहा है। सर्वे में अनुमान जताया गया है कि 140 सीटों वाली केरल विधानसभा में यूडीएफ को 78 से 90 सीटें मिल सकती हैं। यह आंकड़ा संकेत देता है कि राज्य में सत्ता के लिए यूडीएफ मजबूत स्थिति में है और चुनावी मुकाबले में उसने बाकी गठबंधनों पर साफ बढ़त बना ली है। ।•पे डल प्दकपं के ड•पज च्वसस के मुताबिक केरल विधानसभा चुनाव 2026 में यूडीएफ स्पष्ट बढ़त में नजर आ रहा है। सर्वे के अनुमान में यूडीएफ को 78 से 90 सीटें मिलने की बात कही गई है, जिससे वह बहुमत से आगे निकलता दिख रहा है। वहीं एलडीएफ को 49 से 62 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। भाजपा गठबंधन की मौजूदगी इस चुनाव में सीमित दिखती है और उसे 0 से 3 सीटें मिलने का आकलन किया गया है, जबकि अन्य दलों को कोई सीट नहीं मिलती दिख रही। संकेत मिलता है कि केरल में इस बार सत्ता परिवर्तन की मजबूत संभावना बनती नजर आ रही है। च्मवचसमश्े प्देपहीज के महा ड•पज च्वसस के मुताबिक केरल विधानसभा चुनाव में मुकाबला कड़ा लेकिन बढ़त यूडीएफ को मिलती दिख रही है। सर्वे में यूडीएफ को 66 से 76 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है, जबकि एलडीए को 58 से 68 सीटों के बीच दिखाया गया है। वहीं भाजपा गठबंधन को 10 से 14 सीटें मिल सकती हैं और अन्य दलों की मौजूदगी 0 से 1 सीट तक सीमित रहने का अनुमान है। च्मवचसमश्े प्देपहीज के इस आकलन से संकेत मिलता है कि केरल में इस बार सत्ता की जंग बेहद करीबी रहने वाली है। केरल के ।•पे डल प्दकपं ड•पज च्वसस के मुताबिक इस बार वोट शेयर का बंटवारा भी साफ संकेत देता है। सर्वे में यूडीएफ को करीब 44 प्रतिशत वोट मिलते दिख रहे हैं, जो पिछले चुनाव के मुकाबले बढ़त को दर्शाता है। वहीं एलडीएफ को लगभग 39 प्रतिशत वोट मिलने का अनुमान है। एनडीए को करीब 14 प्रतिशत वोट शेयर मिलता नजर आ रहा है, जबकि अन्य दलों के खाते में लगभग 3 प्रतिशत वोट जाते दिख रहे हैं। इन आंकड़ों से साफ है कि वोट प्रतिशत के लिहाज से भी एलडीएफ इस चुनाव में आगे चल रहा है और यही बढ़त सीटों के अनुमान में भी झलकती है। ड•पज च्वसस के ये नतीजे वोटिंग के बाद के रुझानों की एक शुरुआती तस्वीर पेश करते हैं। वोट शेयर के आंकड़ों में भी न्क्थ् को 44 प्रतिशत वोट शेयर के साथ बढ़त दिखाई गई है, जो पिछले चुनाव के मुकाबले इजाफा दर्शाता है। इस ड•पज च्वसस से यह संकेत मिलता है कि केरल में इस बार एंटी इनकम्बेंसी और गठबंधन समीकरण यूडीएफ के पक्ष में जाते दिख रहे हैं, हालांकि अंतिम फैसला मतगणना के दिन ही होगा।



# प्राइम मक्खन और कंधों पर कंकाल वाला भारत

सर्वमित्रा सुरजन

देश की ताजा घटनाओं पर दो अलग–अलग तरह के कैरिकेचर देखने मिले। अमूल मक्खन के विज्ञापन में इस बार फुटबॉल खिलाड़ी बने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दर्शाते हुए लिखा गया है सेंटर के फॉरवर्ड, अमूल प्राइम मक्खन। पाठक जानते हैं कि फुटबॉल के खेल में सेंटर–फॉरवर्ड की स्थिति पर खेल रहे खिलाड़ी की भूमिका सबसे अहम होती है। सेंटर फॉरवर्ड विरोधी टीम के गोल के सबसे पास यानी केंद्रीय स्थिति में खेलने वाला मुख्य हमलावर होता है। उसकी प्राथमिक भूमिका गोल करना है। एक कुशल सेंटर–फॉरवर्ड न केवल गोल दागेगा, बल्कि गेंद को अपने पास रख कर अपने बाकी साथियों के लिए अवसर बनाकर विपक्षी रक्षा पंक्ति को पूरी तरह व्यस्त रखता है। तो अमूल के हिसाब से नरेन्द्र मोदी इस समय ऐसे ही गोल के पास खड़े हैं, बल्कि गोल दाग भी रहे हैं और विपक्ष को हैरान–परेशान कर रहे हैं। सेंटर के फॉरवर्ड की मुख्य पंक्ति के साथ नीचे अमूल ने लिखा है– अमूल प्राइम मक्खन। अब पाठक इसका भी विश्लेषण अपनी–अपनी तरह से कर सकते हैं। पीएम मोदी को फुटबॉल में अहम भूमिका में खेलने वाला बताकर क्या कंपनी ने प्राइम मक्खन लगाया है यानी हद दर्जे की चाटुकारिता दिखाई है या फिर तंज कसा है। अमूल का मकसद जो भी रहा हो, लेकिन इस बहाने मोदी का फु टबॉल खेलना फिर से चर्चा में आ गया। हालांकि पिछले पांच दिनों में केवल फुटबॉल खेलने का वीडियो प्रधानमंत्री ने नहीं बनवाया है, बल्कि खाली समय बिताने के लिए और भी बहुत कुछ किया है। प.बंगाल में चुनावी रैली में टीएमसी और कांग्रेस को कोसते–कोसते प्रधानमंत्री थक गए तो हुगली नदी पर नौकाविहार करने चले गए। अपना कैमरा भी साथ ले गए। उनकी शूटिंग टीम ने उन्हें तस्वीरें उतारते हुए अपने कैमरों में उतारा। एक पुराना गीत है– सुनयना, आज इन नजारों को तुम देखो और मैं तुम्हें देखते हुए देखूं। बस इसी भाव के साथ मोदीजी की वीडियो कैमरा टीम ने उनका वीडियो बनाया है। प.बंगाल से मोदी सिक्किम पहुंचे, वहां गंगटोक में रोड शो हुआ, तो फिर वीडियो बना। इसके बाद युवा खिलाड़ियों के साथ साहब ने फुटबॉल भी खेला, वो भी बाकायदा फुटबॉल खिलाड़ियों की पोशाक में। इसका भी वीडियो बना। फुटबॉल खेलते हुए तो अखिलेश यादव, राहुल गांधी के भी वीडियो बने हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें तामझाम की जरूरत नहीं पड़ी। अखिलेश यादव के कुर्ते पायजामा में ही फुटबॉल खेलते कई वीडियो हैं। जब वो मैसूर में कॉलेज में पढ़ते थे, तभी फुटबॉल खेलते हुए ही उनकी नाक में फैक्चर हुआ था। इसी तरह राहुल गांधी भी कई बार युवाओं या बच्चों के साथ फुटबॉल खेलते देखे गए हैं। उन्हें भी कॉलेज के दिनों में फुटबॉल खेलते समय घुटने में गंभीर चोट लगी थी, जिसका ऑपरेशन हुआ और लंबे समय तक फिजियोथेरेपी चली। यह पुरानी चोट भारत जोड़ो यात्रा के दौरान फिर से उभर आई थी, जिससे उन्हें दर्द और चलने में परेशानी हुई। अफसोस कि मोदीजी ऐसी किसी चोट से अपना रिश्ता नहीं जोड़ सकेंगे, क्योंकि नहीं पता कि उन्होंने कॉलेज के दिनों में क्या पढ़ाई की और कौन से खेल खेले? लेकिन अब फुटबॉल खेलकर उन्होंने अपनी इस कसक को भी पूरा कर लिया है, बस किसी चोट का जिक्र नहीं है। वैसे उनके शासन में जनता को ही खूब चोटें मिली हैं और उसे मलहम भी खुद ही लगाना पड़ रहा है। दूसरा कैरिकेचर इसी से जुड़ा है। उसका वर्णन आगे होगा। फिलहाल मोदीजी का फुटबॉल खेलना प. बंगाल चुनाव के बीच सोची समझी रणनीति दिखती है। क्योंकि बंगाल के लोगों की फु टबॉल के प्रति दीवानगी जगजाहिर है। यहां के मैदान में ममता बनर्जी ने फुटबॉल को किक मारते हुए पिछले चुनावों में कहा था खेला होबे और वाकई तब भाजपा के साथ खेल हो गया था। उसे हार का सामना करना पड़ा था। अब किक मोदीजी ने मारी है, तो देखना होगा कि खेल हुआ या नहीं। हालांकि गंगटोक में फुटबॉल खेलने पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी को कांग्रेस ने याद दिलाया कि पास में ही मणिपुर भी है, जो फिर से हिंसा से ग्रस्त है और वहां के बच्चे, युवा भी फुटबॉल खेलना पसंद करते हैं। हिंसा के कारण राहत शिविरों में रह रहे बच्चों के लिए राहुल गांधी ने फुटबॉल भी भिजवाई है। तो प्रधानमंत्री चाहते तो सिक्किम के बाद मणिपुर जाते, वहां भले फुटबॉल नहीं खेलते, लेकिन कम से कम हालात का जायजा लेते तो पुलिस प्रशासन को भी बल मिलता और लोगों को राहत की उम्मीद बंधती। लेकिन प्रधानमंत्री सिक्किम से उत्तरप्रदेश में अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी चले गए। गृहमंत्री अमित शाह भी 27 तारीख तक प.बंगाल में ही थे, वे भी मणिपुर नहीं गए। बल्कि गुजरात चले गए। इन दोनों की प्राथमिकता केवल चुनाव जीतना और भाजपाशासित राज्यों की गिनती बढ़ाना है। उसके बाद राज्यों में चाहे लोग कंकाल ढोने पर मजबूर हो जाएं, इन्हें फर्क नहीं पड़ता। 2024 के चुनाव में भाजपा ने ओडिशा पर शासन करने में सफलता हासिल कर ली थी। जो बीजू जनतादल लगातार एनडीए का हिस्सा बना रहा, वो मोदी के दौर में अलग हो गया और ओडिशा में उसी की सत्ता भाजपा ने खत्म कर दी। लोगों से यही वादा किया गया कि बीमारू राज्यों की श्रेणी में शामिल ओडिशा में अब विकास होगा। लेकिन यहां लगातार प्रताड़ना की खबरें आ रही हैं। लड़कियों की असुरक्षा, सांप्रदायिक तनाव, आदिवासी उत्पीड़न, विकास के नाम पर जंगलों का काटना यह सब तो लगातार हो ही रहा है, लेकिन अब एक ऐसा वीडियो सामने आया जो आत्मनिर्भर, विकसित भारत के मुंह पर करारा तमाचा है। देश ने कई बार बीमार परिजन को कंधे पर ढोकर अस्पताल ले जाते देखा है, कंधों पर या ठेलों पर अपने प्रियजन की लाश ले जाने के मार्मिक दृश्य भी सामने आए हैं, क्योंकि गरीब को एंबुलेंस नहीं मिलती। लेकिन एक बूढ़े व्यक्ति को कब्र से अपनी बहन का कंकाल निकालकर कंधे पर ढोना पड़े, ताकि वो बैंक में यह दिखा सके कि देखो ये मर चुकी है, तो इसकी मार्मिकता, हालात की भयावहता, प्रशासन की सूखती संवेदना, सरकारों की निष्ठुरता को किन शब्दों में बयां किया जाए। इस दृश्य के लिए शब्द चूक गए लेकिन टाइम्स ऑफ इंडिया के कार्टूनिस्ट संदीप अध्वर्यू ने इस पर एक सटीक कैरिकेचर बनाया है। जिसमें अर्द्धनग्न आदिवासी के कंधे पर उसकी बहन का कंकाल है और लिखा है कि– ओडिशा में बैंक ने दावे को खारिज किया तो अपनी बहन के कंकाल को कंधे पर ले जाता शख्स। इसके नीचे के वाय सी लिखकर उसका विस्तार बताया गया है– नो योअर कॉर्प्स यानी अपने शव को पहचानो। जबकि बैंकिंग शब्दावली में के वाय सी का मतलब होता है, नो योअर कस्टमर। इसके नीचे एक और मारक लाइन लिखी है कि फाइनेंशियल इंक्लूजन का आखिरी पड़ाव। फाइनेंशियल इंक्लूजन यानी वित्तीय समावेशन का अर्थ समाज के कमजोर, वंचित और ग्रामीण वर्गों को सस्ती, सुलभ और जिम्मेदार बैंकिंग व वित्तीय सेवाएं (जैसे खाता, ऋण, बीमा, पेंशन) प्रदान करना है। इसका मुख्य उद्देश्य गरीब आबादी को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़कर, उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और साहूकारों के चंगुल से बचाना है। भाजपा की सरकार में किस तरह वित्तीय समावेशन किया जा रहा है, उसकी पोल ओडिशा की इस घटना ने खोल दी है। दरअसल क्योंझर जिले में 52 बरस से जीतू मुंडा अपनी बहन की मौत के बाद उसके ग्रामीण बैंक खाते से 19,300 रुपये निकालना चाहते थे। उन्होंने बैंक मैनेजर को कई बार बताया कि दो महीने पहले उनकी बहन की मौत हो चुकी है। लेकिन बैंक मैनेजर लगातार खाताधारक को लाने या कानूनी वारिस के दस्तावेज देकर मृत्यु का प्रमाण पेश करने पर ही जोर देता रहा तो थक–हार कर जीतू ने श्मशान घाट से अपनी बहन का कंकाल ही लाकर बैंक में दिखा दिया कि देखो ये मर चुकी है और मैं ही इसका वारिस हूं। बैंक में कंकाल देखकर अफरातफरी मची, पुलिस आई, बीडीओ आए और जीतू को समझा कर वापस भेजा गया तो वो फिर अपनी बहन का कंकाल कंधे पर लादकर श्मशान घाट ले गए। बैंक मैनेजर का कहना है कि जीतू ने पहले अपनी बहन के लकवाग्रस्त होने की बात कही और बाद में बताया कि वो मर गई है। इसके अलावा यह भी कहा कि बीते दो महीनों में जीतू कभी पैसे निकालने बैंक नहीं आए। मृतका के दो अन्य कघनूनी वारिस भी हैं और वे भी पैसे निकालने बैंक आए थे, इसलिए बैंक ने जीतू से कघनूनी दस्तावेज पेश करने को कहा। बहरहाल, अब जीतू और बाकी दो वारिसों को 19300 रूपए दे दिए गए हैं कि वे आपस में बांट लें। जीतू मुंडा को डिस्ट्रिक्ट रेड क्रॉस फंड से 30,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है। जिला प्रशासन ने बताया है कि इसके अलावा उन्हें मृत्यु प्रमाण पत्र और कघनूनी वारिस का प्रमाण पत्र जारी किया गया है। बैंक मैनेजर पर कार्रवाई की बात भी की गई है। लेकिन क्या इससे कंधो पर कंकाल ढोने की मजबूरी खत्म हो जाएगी? यह सवाल उस भाजपा से करना चाहिए जिसका दावा है कि 2014 के बाद देश को असली आजादी मिली। जो ओडिशा की ही एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति पद पर बिठाने का श्रेय लेती है और दावा करती है कि उसके शासन में दलित, आदिवासी, पिछड़े हर तबके की चिंता की जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी के हिसाब से तो देश में दो ही जातियां हैं गरीब और अमीर, तो जीतू मुंडा को वो किस जाति में रखने वाले हैं, क्योंकि उसने तो कंकाल ढोकर अपना वाजिब हक हासिल किया है। क्या मोदी के सपनों का विकसित भारत ऐसा ही होगा जहां विक्रमादित्य के कंधों पर वेताल सवार रहे। वीडियो बनवा कर अगर मोदी कभी थकें या ऊब जाएं तो इन सवालों पर भी विचार करें।

# सोनाली व रेशमा ने जनपद को किया गौरवान्वित

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। राजकीय जुबली इण्टर कॉलेज जनपद लखनऊ में राज्य स्तरीय योग ओलिंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के उजागर लाल इण्टर कॉलेज की कक्षा 09 की छात्रा सोनाली ने 90 अंकों के साथ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया और इसी के साथ राष्ट्रीय योग ओलंपियाड, 2026 जिसका आयोजन 15 से 18 जून तक उड़ीसा में होना है में अपना स्थान पक्का किया। इसी तरह कक्षा 09 की ही छात्रा रेशमा ने मंडल स्तरीय योग ओलिंपियाड जिसका आयोजन 24 अप्रैल .2026 को राजकीय इण्टर कॉलेज, निशातगंज, जनपद लखनऊ में हुआ था उसमें उत्.ष्ट प्रदर्शन कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनों छात्राओं को जिला विद्यालय निरीक्षक, राजेंद्र सिंह ने सम्मानित करते हुए आगे और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राजकीय इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य, अशोक कुमार, उजागर लाल इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य, डॉ. देवेंद्र कुमार पाण्डेय, विद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी, प्रभात नन्दन मिश्र, जिला क्रीड़ा सचिव, अवधेश नन्दन पाण्डेय और डॉ. निखिल कुमार रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहें।



# पीसीएफ गेहूं क्रय केंद्रों पर किसानों के साथ ठगी

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। बीहट गौर पीसीएफ गेहूं क्रय केंद्र पर खुलेआम हो रही लूट की शिकायत सिख संगठन जिलाध्यक्ष गुरुपाल सिंह को किसानों द्वारा सूचना दी गई। गुरुपाल सिंह ने गेहूं क्रय पर पहुंच कर किसान मंच राष्ट्रीय सचिव, प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह को अवगत कराया और बताया कि यहां खरीद के नाम पर पांच सौ बोरी गेहूं उपलब्ध है और कागजों पर खरीद में ग्यारह सौ बोरी अंकित है। गुरुपाल सिंह ने उपरोक्त प्रकरण में डिप्टी आरएमओ को सूचना दी और जिलाधिकारी की काल रिसीव न होने पर वाट्स अप द्वारा उपरोक्त प्रकरण में वीडियो भेजकर सूचित कर दिया है। जिला प्रशासन की तरफ से एडीओ पिंसावा को क्रय केंद्र पर भेज कर जांच प्रक्रिया में एडीओ ने क्रय केंद्र पर की जा रही धांधली में शामिल जिम्मेदार दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया है। शिव प्रकाश सिंह कहा कि जिला प्रशासन को किसानों के साथ हो रहे अन्याय और ठगी के विरुद्ध अविलंब ठोस एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कर किसान हित में निर्णय लेना होगा, अन्यथा की स्थिति में सिख संगठन व किसान मंच आंदोलन और धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।



# उच्च प्राथमिक विद्यालय में मनाया वार्षिकोत्सव व विदाई समारोह

न्यूज वाणी ब्यूरो

खैराबाद, सीतापुर। स्थानीय उच्च प्राथमिक विद्यालय उमरिया विकास खंड खैराबाद में वार्षिकोत्सव, छात्र अलंकरण समारोह व नव प्रवेशी बच्चों का प्रवेशोत्सव कार्यक्रम बहुत ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अपूर्व दीक्षित व विशिष्ट अतिथि संगठन के प्रांतीय प्रवक्ता मनीष पाण्डेय, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष पवन कुमार सिंह, एसआरजी करुणेश मिश्र, अलोक श्रीवास्तव, एआरपी पूनम बाजपेयी, वंदना दीक्षित, पूनम राठौर, आशा रानी, फूल चंद्र पाल आदि द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया तत्पश्चात बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गयी। प्रधानाध्यापक नरेश मिश्र द्वारा आये हुए अतिथियों का बैज लगाकर व बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत के माध्यम से स्वागत किया गया। बच्चों द्वारा अन्य सांस्.तिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। मोबाइल के बढ़ते प्रयोग के दुष्परिणाम पर आधारित नाटिका के माध्यम से बच्चों ने समाज को जागरूक करने का प्रयास किया जिसे दर्शकों ने सराहा। कार्यक्रम मे कक्षा 1 व 6 के नवप्रवेशी लगभग 60 बच्चों का तिलक लगाकर व स्टेशनरी देकर स्वागत किया गया। वार्षिक परीक्षा सत्र 2025–26 मे सभी कक्षाओं मे प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान अरविंद, एसएमसी अध्यक्ष सोबरन लाल, एसएमसी सदस्य रामपाल, राजाराम, लालता प्रसाद सहित बहुत से महिला पुरुष अभिभावक उपस्थित रहे कार्यक्रम मे बच्चों व अभिभावकों की सराहनीय उपस्थिति रही। अपने सम्बोधन मे प्रदेश अध्यक्ष अपूर्व दीक्षित ने परिषदीय विद्यालयों मे सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी देते हुए अभिभावकों से अपने बच्चों का प्रवेश करा कर उनका लाभ उठाने व बच्चों के उज्ज्वल भविष्य बनने का आह्वान किया। दीक्षित ने उपस्थित अभिभावकों को अपने बच्चों को विद्यालय नियमित भेजना व उनकी शिक्षा पर ध्यान देने की बात कही। कार्यक्रम आयोजन में रंजीता मौर्य, दीप्ति यादव, प्रीति त्रिवेदी, प्रतिभा, शोभना सिंह रोली मौर्या, रंजना सिंह, राजेश कुमार, रेनू यादव, नींतू अग्रवाल, गुरमीत कौर, अजय कुमार त्रिपाठी का सराहनीय योगदान रहा। अंत मे प्रधानाध्यापक नरेश मिश्र द्वारा आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।





# अटल सामुदायिक दिवस पर तकनीक व नवाचार का उत्सव

## - छात्रों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा




न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज रमपुरवा में गुरुवार को अटल सामुदायिक दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में रमपुरवा के विद्यार्थियों के साथ–साथ श्री रामेश्वरदत्त बाजपेयी इंटर कॉलेज तथा राजकीय हाईस्कूल टेडवा सिसटीपुर के छात्रों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान, नवाचार और तकनीकी ज्ञान के प्रति रुचि विकसित करना था। अटल टिंकरिंग लैब के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बेसिक इलेक्ट्रॉनिक्स, विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जानकारी, 3क प्रिंटिंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, रोबोटिक्स तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अनुप्रयोगों पर सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक कक्षाएं संचालित की गईं। एटीएल प्रभारी अनिल कुमार द्वारा छात्रों को सरल एवं रोचक तरीके से इन उन्नत तकनीकों का परिचय कराया गया। विद्यार्थियों ने विशेष रुचि के साथ इन गतिविधियों में भाग लिया तथा नए–नए प्रयोगों को समझा। जीआईसी रमपुरवा के प्रधानाचार्य डॉ. अमित कुमार पांडेय ने छात्रों को संबोधित करते हुए नवाचार एवं देश के विकास में विज्ञान और तकनीक की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज का युवा यदि नवाचार की दिशा में आगे बढ़े, तो भारत को विश्व में अग्रणी बनाया जा सकता है। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि सभी शिक्षकों ने भी अत्यंत उत्साह के साथ सक्रिय सहभागिता निभाई और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया, जिससे आयोजन और भी सफल एवं प्रभावी बन सका। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और तकनीकी दक्षता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंत में सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# इश्क बना मौत की वजह, युवक की गोली मारकर हत्या

न्यूज वाणी ब्यूरो

नगीना, बिजनौर। प्रेम प्रसंग के चलते एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बुधवार सुबह नगीना देहात थाना क्षेत्र के ग्राम जुलाहपुरा के जंगल में 26 वर्षीय युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान अनुज पुत्र विनय के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक के सिर में गोली लगने के निशान मिले। घटनास्थल के पास उसकी बाइक और जेब में मोबाइल फोन भी बरामद हुआ, जिससे पहचान सुनिश्चित हुई। मृतक की मां विमला ने हत्या का आरोप लगाते हुए एक महिला और उसके पति के खिलाफ तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों का आरोप है कि गांव भनेड़ा, थाना किरतपुर निवासी एक महिला ने अनुज को प्रेम संबंध में फंसाकर उससे रुपये भी लिए। रुपये को लेकर विवाद बढ़ने पर पहले भी महिला द्वारा अनुज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था, जिसमें वह जेल भी जा चुका था। बताया गया कि घटना से एक दिन पहले भी दोनों के बीच विवाद हुआ था। राजेश सिंह सोलंकी ने बताया कि बुधवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे जंगल में शव मिलने की सूचना मिली थी। मामले में नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

# पेट्रोल पम्पो के लम्बित प्रकरणों की डीएम ने की समीक्षा

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पेट्रोल पम्पों के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा कंपनीवार, विभागवार की गई। समीक्षा में पाया गया कि वर्तमान में आई0ओ0सी0 के 12, सीपीसीएल के 01, बीपीसीएल के 12, एचपीसीएल के 09 एवं जियो–बीपी के 03 प्रकरण अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु लम्बित हैं। विभागवार समीक्षा के दौरान अग्निशमन विभाग के पास 10, अधिशासी अभियन्ता रा0मा0 खण्ड वाराणसी के पास 09, अधिशासी



अधिकारी जंगीपुर के पास 01, लोक निर्माण विभाग, गाजीपुर के पास 04, वन विभाग के पास 23, उपजिलाधिकारी सेवराईं के पास 05, उपजिलाधिकारी सैदपुर के पास 05 उपजिलाधिकारी सदर गाजीपुर के पास 04, उपजिलाधिकारी मुहम्मदाबाद के पास 04, उपजिलाधिकारी कासिमाबाद के पास 03 एवं उपजिलाधिकारी, जमानियॉ के पास 01, एनएचएआई गाजीपुर के पास 14, एनएचएआई आजमगढ के पास 06, विनियममित क्षेत्र गाजीपुर के पास 01, विद्युत विभाग के पास 20 एवं मण्डी सचिव जंगीपुर के पास 01 प्रकरण लम्बित है। जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को 01 सप्ताह के अन्दर अपनी आख्या प्रेषित करने का निर्देश दिया गया तथा ऐसे प्रकरणों, जिसमें आवेदकों को विभाग का कोई निर्धारित शुल्क जमा करना है, उनसे शीघ्र जमा करने की अपेक्षा की गई। बैठक में मण्डी सचिव जंगीपुर के अनुपस्थित होने पर जिलाधिकारी ने अग्रिम आदेश तक वेतन रोकने का निर्देश दिया । बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0ध्रा0 दिनेश कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी अन्नत प्रताप सिंह एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए डीएम ने बैंक अधिकारी व शाखा प्रबंधक को किया सम्मानित

## - बैंकों के जिला समन्वयकों के साथ डीएम ने की बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। बैंकों के जिला समन्वयकों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित जिला समन्वयकों की समीक्षा बैठक में वर्ष 2025–26 में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान तथा अन्य स्वरोजगार परक योजनाओं की समीक्षा के दौरान उत्.ष्ट प्रदर्शन करने वाले 21 बैंक अधिकारियों व शाखा प्रबन्धकों को डीएम ने मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता के साथ स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। बैठक के दौरान बैंक आफ बड़ौदा शाखा दरगाह शरीफ के प्रबन्धक सौरभ गुप्ता, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के दिव्य प्रताप सिंह, इण्डियन बैंक महाराजगंज शाखा के मनीष सिंह, बैंक ऑफ इण्डिया के उमेश कुमार जायसवाल, उ.प्र. ग्रामीण बैंक शाखा महसी के मोहित वर्मा, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया के अवनीश सिंह, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया शाखा नानपारा के समद आजाद, इण्डियन बैंक मेडिकल कालेज शाखा के हर्षित अग्रवाल, यूको बैंक के आदित्य प्रताप सिंह, पंजाब नेशनल बैंक के जिला समन्वयक नवीन चन्द्र सुयाल, इण्डियन बैंक के रवि रंजन सिंह, बैंक आफ बड़ौदा के सुरेश पाण्डेय, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया के सचिन गुप्ता, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया की श्रीमती अंकिता मिश्रा, एचडीएफसी के क्लस्टर हेड विमल कुमार तिवारी, लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र कुमार मसन्द, उ.प्र. ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबन्धक बहराइच रमेश चन्द्र चौधरी व भिनगा के अमित वार्षेण, जिला समन्वयक अभिनव भारती व सुधाकर तिवारी, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के मुख्य प्रबन्धक गौरव श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। समीक्षा बैठक के दौरान डीएम ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026–27 के प्रारम्भ से ही सभी बैंक जनपद का सीडी रेशियों बढ़ाने, प्राथमिकता क्षेत्र की योजनाओं में अधिक से अधिक लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराने, विभिन्न क्षेत्र के .षकों को के.सी.सी. जारी करने, पी. एम. सूर्य घर योजना अन्तर्गत रूफ टाप सोलर पैनल की स्थापना, स्वयं सहायता समूहों तथा स्वरोजगार परक योजनाओं में आवेदकों को अधिाक से अधिक ऋण उपलब्ध कराने हेतु माहवार प्रभावी कार्ययोजना तैयार करें। डीएम ने कहा कि सभी बैंकों का प्रयास होना चाहिए आकांक्षी जनपद बहराइच स्वरोजगारपरक योजनाओं को प्राथमिकता प्रदान करें ताकि अधिक से अधिक परिवार स्वावलम्बी बनकर दूसरे लोगों को भी रोजगार से जोड़ सकें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, उप .षि निदेशक विनय कुमार वर्मा, उपायुक्त स्वःरोजगार धनंजय सिंह, उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा, पी.ओ. नेडा सुरेंद्र कुमार सहित अन्य अधिाकारी, बैंकों के जिला समन्वयक तथा उत्.ष्ट कार्य करने वाले बैंक मैंनेजर इत्यादि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला अग्रणी प्रबंधक जितेंद्र कुमार मसन्द द्वारा किया गया।



# झूले से गिरकर युवक की मौत, मचा हड़कंप

न्यूज वाणी ब्यूरो/चांदपुर, बिजनौर। बुधवार रात नुमाइश के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। झूला झूलते समय 20 वर्षीय युवक की गिरने से मौत हो गई, जिससे मौके पर अफरा–तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार हल्दौर चौराहे के पास पिछले लगभग एक महीने से तहसील प्रशासन की अनुमति के बाद नुमाइश संचालित की जा रही थी। यह नुमाइश मोहल्ला कट कुई निवासी ठेकेदार अरशद की देखरेख में चल रही थी। बुधवार रात मोहल्ला काजी जादगान निवासी मोहम्मद फैज (20) पुत्र अकरम नुमाइश में लगे नावनुमा झूले का आनंद ले रहा था। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह करीब 25 फीट की ऊंचाई से नीचे आ गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्याऊ भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद नुमाइश में हड़कंप मच गया और कई झूले संचालकों ने एहतियातन अपने झूले बंद कर दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक अपने पीछे मां सलमा, पिता अकरम और बड़े भाई गुड्डू को बिलखता छोड़ गया। क्षेत्राधिकारी देश दीपक ने बताया कि तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# 59 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा व पुलिस की कार्रवाई

## - भारत-नेपाल सीमा पर 18 ग्राम स्मैक के साथ नेपाली नागरिक गिरफ्तार



न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच, नानपारा। भारत–नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से, कैलाश चन्द रमोला कमांडेंट के कुशल नेतृत्व में 59 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा और थाना मोतीपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। 29 अप्रैल एक संयुक्त अभियान के दौरान सीमा चौकी बलईगांव के कार्यक्षेत्र से एक नेपाली नागरिक को 18 ग्राम स्मैक के साथ गिरतार किया गया है। सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर 29 अप्रैल को एक संयुक्त रात्रि गश्ती दल का गठन किया गया। यह गश्ती दल सीमा स्तंभ संख्या 665 की ओर गश्त कर रहा था। रात लगभग 9.30 बजे (2130 बजे), गश्ती दल ने भारतीय सीमा के 635 मीटर अंदर एक संदिग्ध व्यक्ति को भारत से नेपाल सीमा की ओर जाते हुए देखा। जब गश्ती दल ने उसे रुकने की चेतावनी दी, तो संदिग्ध ने मौके से भागने का प्रयास किया। हालांकि, सतर्क जवानों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ दूर पीछा करने के बाद उसे सफलतापूर्वक धर दबोचा। निर्धारित कानूनी प्रक्रियाओं के तहत जब व्यक्ति की सघन तलाशी ली गई, तो उसके पास से 18 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ के दौरान गिरतार व्यक्ति की पहचान टेक बहादुर नेपाली उम्र 28 वर्ष पिता शेर बहादुर नेपाली वीडीसी महादेवपुरी, वार्ड नंबर–04, पुलिस स्टेशन– कोहलपुर, जिला– बांके (नेपाल) प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया है कि उसने यह प्रतिबंधित सामग्री बलईगांव (भारत) में किसी अज्ञात स्रोत से प्राप्त की थी और वह इसे स्वयं के सेवन के लिए नेपाल ले जा रहा था। चूंकि मादक पदार्थों को अपने पास रखना और उनका परिवहन करना एनडीपीएस अधिनियम, 1985 की धारा 8/21 के तहत एक दंडनीय अपराध है, इसलिए बरामद स्मैक को मौके पर ही विधिवत रूप से जब्त कर लिया गया। सभी आवश्यक कानूनी औपचारिकताओं और कागजी कार्रवाई को पूरा करने के बाद, गिरतार किए गए व्यक्ति और जब्त किए गए मादक पदार्थ (स्मैक) को आगे की विस्तृत जांच और आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए थाना मोतीपुर पुलिस को सौंप दिया गया है। सशस्त्र सीमा बल सीमा पर किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों और तस्करी को रोकने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इस प्रकार के कड़े अभियान जारी रहेंगे।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्मे वालों की मशहूर दुकान
**फैसल चश्मे वाले**
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्मे बनाये जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
**फैसल चश्मे वाले**
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# डिजिटल ब्लैकमेलिंग का खौफनाक अंजाम, सालगिरह से पहले महिला ने दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। साइबर अपराध का एक बेहद चिंताजनक और दर्दनाक मामला सामने आया है। ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग और मानसिक दबाव से जूझ रही एक महिला ने अपनी शादी की सालगिरह से ठीक एक दिन पहले आत्महत्या कर ली। मृतका,



मोनिका ने आत्मघाती कदम उठाने से पहले एक सुसाइड नोट छोड़ा, जिसमें उसने अपने पति और परिवार के प्रति गहरा भावनात्मक संदेश लिखा। पत्र में उसने स्वीकार किया कि वह लंबे समय से एक युवक द्वारा परेशान की जा रही थी, जो अब उसे लगातार ब्लैकमेल कर रहा था। इस मानसिक उत्पीड़न ने उसे अंदर से तोड़ दिया। सुसाइड नोट में महिला ने अपने पति से माफी मांगते हुए बच्चों की देखभाल करने की अपील की। उसने अपने माता–पिता और भाई–बहनों से भी क्षमा याचना की और अपनी बेटी के लिए मार्मिक शब्द लिखे। पत्र की भाषा से साफ है कि वह गहरे डर और तनाव में थी। परिजनों का आरोप है कि साइबर अपराधियों ने महिला को कई दिनों तक डराकर और ध मकाकर अपने जाल में फंसाए रखा। उनका कहना है कि लगातार मानसिक दबाव और बदनामी के भय ने उसे यह कठोर कदम उठाने पर मजबूर कर दिया। घटना के बाद उस समय संदेह और गहरा गया जब अंतिम संस्कार के दौरान भी एक संदिग्ध कॉल आया। इसके बाद परिवार ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोनिका एक गृहिणी थी, जबकि उसका पति एक निजी फैक्ट्री में काम करता है। यह घटना न केवल एक परिवार की त्रासदी है, बल्कि साइबर अपराध के बढ़ते खतरे और उसके भयावह परिणामों की गंभीर चेतावनी भी है।

# स्टेट हाईवे में ट्रैक्टर ट्राली को टक्कर मार मंदिर में घुसा लोडर, चालक स्टेयरिंग में फंसा

## -हादसे में ट्रैक्टर और लोडर चालक दोनों गंभीर रूप से घायल

(संवाददाता) हमीरपुर हमीरपुर जोल्हूपुर स्टेट हाईवे के शीतलपुर गांव में गुरुवार की सुबह ट्रैक्टर ट्राली व लोडर में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि लोडर के परखच्चे उड़ गए। अनियंत्रित लोडर सड़क किनारे बजरंगबली मंदिर को क्षतिग्रस्त करते हुए उसी में फंस गया। इसमें सवार चालक केबिन के क्षतिग्रस्त होने से स्टेयरिंग में फंस कर रह गया। जिसे मौके पर पहुंचे दमकल दस्ते ने ग्रामीण की मदद से दो घंटे की मशक्कत के बाद खिड़की काटकर बाहर निकाला। इस हादसे में ट्रैक्टर और लोडर चालक दोनों गंभीर रूप से घायल है। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है दो अन्य को हल्की चोटे आई है व एक मवेशी भी घायल हुआ है। गौरतलब है कि सदर कोतवाली के शीतलपुर गांव निवासी देवीप्रसाद पाल गुरुवार



की सुबह सात बजे ट्रैक्टर ट्राली लेकर खेतों को रवाना हुआ था। घर से करीब आधा किलोमीटर दूर हमीरपुर जोल्हुपुर स्टेट हाईवे पर पीछे से आ रहे लोडर ने ट्रैक्टर ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी की देवीप्रसाद पाल ट्रैक्टर से उछलकर बीच सड़क पर डिवाइडर में जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद अनियंत्रित लोडर गांव के बजरंगबली मंदिर में जा टकराया। जिससे मंदिर का काफी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।मंदिर के पास बंधी रामस्वरूप प्रजापति की भैंस भी लोडर के नीचे दबकर घायल हो गई। जिसे जेसीबी मशीन की मदद से बाहर निकला गया। मंदिर को क्षतिग्रस्त कर फंसे लोडर में तीन लोग सवार थे। जिसमें दो लोगों को हल्की चोटे आई है। जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। करीब दो घंटे तक चालक स्टेयरिंग में फंसा रहा। गांव के आपदा मित्र सियाराम प्रजापति ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस सेवा को सूचित किया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद लोडर की खिड़की काटकर चालक को बाहर निकाला। दोनों घायलों को यूपी 112 पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया है।

# सड़क किनारे बैठी महिला को ट्रक ने मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जनपद के बहादुरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। गांधी मेमोरियल इंटर कॉलेज तिराहा के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने सड़क किनारे बैठी एक महिला को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना के बाद इलाके में शोक



और आक्रोश का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार महिला सड़क किनारे बैठी हुई थी, तभी तेज रतार से आ रहे एक ट्रक ने नियंत्रण खो दिया और सीधे महिला को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि महिला बुरी तरह घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों में अफरा–तफरी मच गई। घटना के तुरंत बाद परिजन और स्थानीय लोगों ने घायल महिला को उपचार के लिए मऊ अस्पताल ले जाने का प्रयास किया। हालांकि, रास्ते में ही महिला की हालत बिगड़ गई और उसने दम तोड़ दिया। इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। इस हादसे के बाद बहादुरगंज क्षेत्र में लोगों के बीच आक्रोश देखा गया। स्थानीय लोग सड़क सुरक्षा और वाहनों की तेज रतार को लेकर चिंता जताते नजर आए। लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत ळें घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस द्वारा आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। संबंधित अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# BHU के सर सुंदरलाल अस्पताल में गंदगी का अंबार, बाल रोग विभाग में संक्रमण का खतरा

(संवाददाता) वाराणसी। पूर्वांचल के प्रमुख चिकित्सा संस्थान काशी हिंदू विश्वविद्यालय



(ठभ्न) के अंतर्गत संचालित सर सुंदरलाल अस्पताल से लापरवाही की एक चिंताजनक तस्वीर सामने आई है। अस्पताल के बाल रोग विभाग में पीने के पानी के नल के पास फैली गंदगी ने स्वच्छता व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, जिस स्थान से मरीज और उनके परिजन पानी पीते हैं, वहीं सड़ता हुआ कचरा, प्लास्टिक की बोतलें और मेडिकल वेस्ट का ढेर लगा हुआ है। यह स्थिति खास तौर पर चिंताजनक है क्योंकि बाल रोग विभाग में आने वाले बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता पहले से ही कमजोर होती है, जिससे संक्रमण का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, इस तरह की गंदगी टाइफाइड, हैजा और डायरिया जैसी बीमारियों को जन्म दे सकती है। अस्पताल परिसर में रोजाना हजारों की संख्या में मरीजों की आवाजाही के बावजूद सफाई व्यवस्था का यह हाल प्रबंधन की कार्यशैली पर सवाल खड़े करता है। ग्राउंड रिपोर्ट के अनुसार, प्रभावित स्थान पर दीवारों में सीलन, फर्श पर कचरे का जमावड़ा और चारों ओर फैली बदबू साफ देखी जा सकती है। तीमारदारों का कहना है कि उन्हें मजबूरी में इसी गंदगी के बीच से पानी भरना पड़ता है। एक परिजन ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि "एक ओर डॉक्टर साफ–सफाई की सलाह देते हैं, वहीं दूसरी ओर अस्पताल खुद गंदगी का केंद्र बना हुआ है।" इस घटना के बाद कई अहम सवाल उठ रहे हैंकृक्या अस्पताल प्रशासन को यह गंदगी नजर नहीं आ रही? स्वच्छता के लिए आवंटित बजट का उपयोग आखिर कहाँ हो रहा है? और यदि इस लापरवाही से किसी बच्चे की तबीयत बिगड़ती है, तो जिम्मेदारी किसकी होगी? गौरतलब है कि देशभर में चल रहे स्वच्छ भारत अभियान के बावजूद इस तरह की स्थिति चिंताजनक है। स्थानीय लोगों ने अस्पताल प्रशासन और नगर निगम से तत्काल संज्ञान लेकर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि मरीजों और उनके परिजनों को सुरक्षित वातावरण मिल सके।

# ब्लॉक प्रमुख ने विकास खंड के मुख्य द्वार का किया उद्घाटन

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। विकास खण्ड नानौता ब्लॉक प्रमुख चांदनी राणा द्वारा विकास खण्ड नानौता परिसर के मैन गेट द्वार का उद्घाटन धूमधाम किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के साथ–साथ ब्लॉक अधिकारी सोनिका चौहान



व भाजपा मण्डल अध्यक्ष विजयपाल सिंह व पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज राणा भी उपस्थित रहे।

बृहस्पतिवार की दोपहर विकास खंड ननौता के ब्लॉक परिसर में मुख्य द्वार (मेन गेट) के सौंदर्यकरण के कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। विकास खण्ड के मुख्य द्वार कार्य का भव्य उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख चांदनी राणा द्वारा संपन्न हुआ। यह कार्य प्रमुख निधि के माध्यम से कराया गया, जो क्षेत्र के विकास और सौंदर्यीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर चांदनी राणा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का ध न्यवाद करते हुए कहा कि क्षेत्र में जितने भी कार्य किये गए है वह सब आप लोगो के साथ व सहयोग से ही हुए है। हम एक एक कार्यकर्ता का सम्मान करते है और इसी सम्मान के साथ आगे भी आप लोगो के साथ की आशा करते है। इस अवसर पर अरविंद राणा (माजरा) संजू राणा खुडाना, शालू प्रधान (जड़ौदा पांडा), सोनू चेयरमैन (बड़गांव), अमर सिंह खुडाना टीटू प्रधान (कचराई), रविंद्र राणा भारी, वेद राणा खुडाना, जगबीर फौजी सतीस कुमार सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

# जन-समस्याओं पर डीएम दीपक मीणा का कड़ा प्रहार, विरासत गलियारे की अव्यवस्था देख बिफरे जिलाधिकारी

## -विकास कार्यों में लापरवाही पर डीएम सख्त, पाण्डेय हाता से धर्मशाला तक पैदल नापी सड़कें, अधिकारियों को दी चेतावनी

(संवाददाता) गोरखपुर। जनता की समस्याओं और शहर के ऐतिहासिक स्वरूप को लेकर जिलाधिकारी दीपक मीणा का सख्त तेवर देखने को मिला। बेमौसम बारिश के बाद उत्पन्न हुई अव्यवस्थाओं का संज्ञान लेते हुए डीएम ने स्वयं मैदान में उतरकर विरासत गलियारा क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया। पाण्डेय हाता से धर्मशाला तक पैदल भ्रमण के दौरान उन्होंने न केवल तकनीकी कमियों को पकड़ा, बल्कि स्थानीय व्यापारियों से सीधे संवाद कर प्रशासन की जवाबदेही तय की। ड्रेनेज और तकनीकी खामियों पर जताई नाराजगी निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जल निकासी की लचर व्यवस्था पर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने अधिकारियों को दो–टूक शब्दों में निर्देश दिया कि गलियों और मुख्य मार्गों की नालियों का जलस्तर तकनीकी रूप से संतुलित होना चाहिए। डीएम ने स्पष्ट कहा कि मुख्य सड़कों की नाली ऊंची होने के कारण गलियों में जलभराव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने आवागमन सुगम बनाने हेतु नालों पर तत्काल स्लैब डालने के निर्देश दिए। सुरक्षा और रोशनी के अभाव पर कड़ा रुख विरासत गलियारे में सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुलने पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने खराब पड़े सीसीटीवी कैमरों को तत्काल दुरुस्त करने और अंधेरे वाले क्षेत्रों में नई स्ट्रीट लाइटें लगाने का आदेश दिया। डीएम ने कहा कि व्यापारियों और नागरिकों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं होगा। अंडरग्राउंड होंगे लटकते बिजली के तार खुले में लटकते बिजली के तारों को श्मौत का जालश बताते हुए



जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को इन्हें प्राथमिकता के आधार पर अंडरग्राउंड करने की समयबद्ध कार्ययोजना बनाने को कहा। उन्होंने सख्त लहजे में चेतावनी दी कि विभागीय समन्वय की कमी या कार्य में देरी होने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मौके पर रही अधिकारियों की फौज निरीक्षण के दौरान एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह, अपर आयुक्त दुर्गेश मिश्रा, सिटी मजिस्ट्रेट उत्कर्ष श्रीवास्तव सहित पीडब्ल्यूडी, जलकल और विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी के इस तेवर से विभाग में हड़कंप की स्थिति बनी रही।

# रिटायर्ड फौजी से रिश्वत मांगने वाला चकबंदी न्यायालय का पेशकार गिरफ्तार

(संवाददाता) हमीरपुर। एक सेवानिवृत फौजी से नक्शा दुरुस्तीकरण के नाम पर डेढ़ लाख रुपए रिश्वत मांगने वाले चकबंदी न्यायालय के पेशकार अल्ताफ अली को एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ पकड़ा।आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि नक्शा दुरुस्तीकरण के नाम पर सेवानिवृत्ति फौजी से डेढ़ लाख रुपए रिश्वत मांगने वाले चकबंदी न्यायालय के पेशकार को बांदा से आई एंटी करप्शन की टीम ने कार्यालय



के अंदर से दबोच लिया।आरोपी के विरुद्ध सदर कोतवाली में भ्रष्टाचार निरोधक एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई।आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद उसे जेल भेजा जाएगा।हरियाणा के फतेहाबाद निवासी सेवानिवृत्ति फौजी धर्मवीर सिंह ने करीब एक साल पूर्व सरीला तहसील के कुपरा गांव में करीब साढे 13 बीघा जमीन खरीदी थी। जिसका नक्शा दुरुस्त करने को लेकर उन्हें चकबंदी न्यायालय में प्रार्थना पत्र लिया था।

# बेटे की हत्या के आरोप में पिता को भेजा जेल

## -मृतक की पत्नी ने दी थी ससुर ,सास और देवरानी के खिलाफ हत्या की तहरीर

(संवाददाता)

बिवांर(हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के निवादा गांव में बीते शुक्रवार के दिन एक युवक द्वारा फंदा लगाकर आत्महत्या की घटना हुई थी। बता दें कि बीते शुक्रवार रात निवादा गांव के पुष्पम (30)पुत्र ब्रेजेंद्र सिंह चंदेल की आत्महत्या की घटना सामने आई थी ,जिसमें युवक गले में अंगौछा बांधकर पंखे के कुंदे से झूल गया था ,जिसकी मौत हो गई थी।पुलिस ने उस दौरान गृहकलह ,आत्महत्या का कारण बताया था ,लेकिन घटना स्थल की परिस्थियां कुछ और ही बता रहीं थीं।पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा था ,लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद घटना में एक नया मोड़ आ गया। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों को मृतक के गले पर आत्महत्या से पड़ने वाला निशान नहीं मिला ,जबकि गले और शरीर पर कुछ चोट के निशान मिले थे। इसकी पुष्टि मौदहा क्षेत्राधिकारी राजकुमार पांडेय ने भी की।बताया कि पोस्टमार्टम में आत्महत्या की पुष्टि नहीं हुई।बताया कि मृतक का विसरा सुरक्षित किया गया गया ,जिसे जांच के लिए भेजा जाएगा। वहीं बुधवार देर रात मृतक की पत्नी आरती ने बिवांर थाना आकर ससुर ब्रजेन्द्र सिंह चंदेल पुत्र पूरन ,सास राधा और देवरानी डोली पत्नी अनुपम के खिलाफ पति को मारकर कुंदे से टांग देने की तहरीर दी।मृतक की पत्नी ने बताया कि शुक्रवार रात लगभग साढ़े दस बजे ससुर ने शराब के नशे में धुत होकर उसके पति को जमकर पीटा और उस दौरान देवरानी डोली ने उसे कमरे में बंद कर दिया।बताया कि जब पीटने से उसके पति की मौत हो गई तो उसे आत्महत्या दिखाने के लिए कमरे में पंखे के कुंदे से लटका दिया और कुछ देर बाद कमरे से उसे निकाल कर बताया कि उसके पति ने आत्महत्या कर ली है।वहीं बिवांर थाना प्रभारी नन्दराम ने बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 103(1),238,127(2),3(5)का मुकदमा दर्ज किया गया है। सन्देह पैदा करने वाले बिंदु –मृतक की पत्नी ने बताया कि उसके ससुर , सास और देवरानी ने पुलिस की बगैर बताए ही रात ग्यारह बजे शव को फंदे से उतार लिया और पुलिस को सुबह सूचना दी। पुलिस ने भी युवक की मौत के बाद कुछ सन्देहजनक परिस्थितियों कब चलते पिता को दो दिनों तक थाना में बैठाकर पूंछतांछ की थी। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आत्महत्या की पुष्टि न होना और जांच के लिए विसरा सुरक्षित करना सन्देह पैदा करते हैं। मृतक की पत्नी के मुताबिक ,जब कभी भी उसका पति बंटवारे की बात करता था तो सभी मिलकर उसके पति और उसे अक्सर पीटते थे।

# नाली के विवाद में खूनी खेल में जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

(संवाददाता) गोरखपुर। थाना रामगढ़ताल पुलिस ने घर का गंदा पानी गिराने के मामूली विवाद में जानलेवा हमला करने वाले एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (च) के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। घमिली जानकारी के अनुसार, बीती 29 अप्रैल को थाना क्षेत्र के पथरा बड़गो में गंदा पानी गिराने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था। बात इतनी बढ़ गई कि अभियुक्त गोपाल पुत्र स्व. काशी ने जान से मारने की नीयत से वादिनी और उसके परिजनों पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में परिजन गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिसके बाद पुलिस ने विभिन्न धाराओं (बीएनएस) में मुकदमा दर्ज किया था। घ्थानाध्यक्ष रामगढ़ताल के नेतृत्व में गठित टीम, जिसमें आजाद नगर चौकी प्रभारी रजनीश द्विवेदी, उ.नि. रामशिव यादव और कांस्टेबल राकेश गौरव शामिल रहे, ने घेराबंदी कर वांछित अभियुक्त गोपाल को उसके निवास स्थान से दबोच लिया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (ठछै) की गंभीर धाराओं 191(2), 191(3), 115(2), 352, और 109(1) समेत अन्य धाराओं में कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है। पुलिस अब मामले में आगे की विधिक औपचारिकताएं पूरी कर रही है।

# पल्हरी ग्राम पंचायत की बदहाल सड़कों पर गरजीं शालिनी सिंह पटेल

## - पीडब्ल्यूडी ने जल्द सर्वे व टेंडर का किया ऐलान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत के जर्जर एवं अब तक निर्मित न हुए संपर्क मार्गों के संबंध में विस्तारपूर्वक अवगत संग्राम और राजनीति के क्षेत्र में गौरवशाली इतिहास रखती है, जहां से आजाद भारत के प्रथम



बुंदेलखंड प्रभारी शालिनी सिंह पटेल ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता से मुलाकात कर जनपद की एक ऐतिहासिक कराया और लिखित रूप से ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र निर्माण की मांग उठाई। उन्होंने बताया कि यह ग्राम पंचायत स्वतंत्रता आम चुनाव (1952—1957) में स्वर्गीय रामसनेही भारतीया बबेरू विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए और 1957 में पुनः विधायक चुने गए, साथ ही उन्होंने तीन बार जिला परिषद अध्यक्ष के रूप में सेवा दी। उनके सुपुत्र स्वर्गीय .ष्ण कुमार भारतीया भी जिला पंचायत अध्यक्ष रहे। वहीं इसी ग्राम के निवासी राम शिरोमणि वर्मा मऊ—मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक रहे तथा इस ग्राम पंचायत से लगभग 14—15 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने देश की आजादी में अहम योगदान दिया, लेकिन इतने गौरवशाली इतिहास के बावजूद आज भी कई प्रमुख संपर्क मार्गों का निर्माण न होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। शालिनी सिंह पटेल ने अधिशासी अभियंता को बताया कि ग्राम पंचायत अंतर्गत दयाशंकर के घर (खेंगर) से मुरहा स्टाफ होते हुए बबेरू—बांदा मार्ग, मिलाथू—पल्हरी मार्ग से पिपरा बाबा (डांड) होते हुए बबेरू—बांदा मार्ग, देवरथा, बगेहटा, आहार, बड़गांव पल्हरी को जोड़ने वाला मिलाथू—निलाथू मार्ग, गौशाला से शिवमोहन सिंह डिग्री कॉलेज होते हुए बबेरू—बांदा मार्ग तथा शिवाकांत के घर से कोरारी पारा मार्ग जैसे कई महत्वपूर्ण रास्ते आज तक निर्माण से वंचित हैं, जिससे किसानों को उपज मंडी तक ले जाने, विद्यार्थियों को विद्यालय व महाविद्यालय पहुंचने तथा आपातकालीन स्थिति में मरीजों को अस्पताल ले जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और बरसात में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। इस पर अधिशासी अभियंता ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल अपने विभाग के संबंधित कर्मचारियों से मौके पर ही वार्ता की और निर्देश दिया कि सभी प्रस्तावित मार्गों का शीघ्र स्थलीय सर्वे कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि रिपोर्ट प्राप्त होते ही इन सभी सड़कों को संबंधित योजना (कार्ड योजना) में शामिल कर जल्द से जल्द टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ कराई जाएगी, ताकि निर्माण कार्य शीघ्र शुरू हो सके। शालिनी सिंह पटेल ने कहा कि यह केवल विकास का मुद्दा नहीं बल्कि क्षेत्र के सम्मान और अधिकार का प्रश्न है, और यदि शीघ्र कार्यवाही नहीं होती है तो जनहित में आंदोलन भी किया जाएगा, वहीं अधिशासी अभियंता के आश्वासन से क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी है कि वर्षों से लंबित यह मांग अब जल्द पूरी होगी।

# बिलगांव में शिखा मेडिकल स्टोर का भव्य शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। ग्राम पंचायत बिलगांव में शिखा मेडिकल स्टोर का भव्य शुभारंभ हवन पूजन के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील सिंह पटेल अध्यक्ष जिला पंचायत द्वारा फीता काटकर उद्घघाटन किया गया। डॉ राजेंद्र सिंह पटेल ने मुख्य अतिथि का



माल्यार्पण कर स्वागत किया। बिसंडा मार्ग से जुड़े बिलगांव नहर के पास आज गुरुवार को नवीनतम प्रतिष्ठान शिखा मेडिकल स्टोर का भव्य शुभारंभ विधि विधान के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील सिंह पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा फीता काटकर उद्घघाटन किया गया। इस मौके पर डॉ राजेंद्र सिंह पटेल द्वारा माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में निखिल शुक्ला, राकेश शर्मा, सौरभ यादव, धीरज शर्मा, गोलू शुक्ला, उदय सिंह पटेल, मंगल सिंह, मुखराम सिंह परिहार, विमल कुशवाहा सहित गांव के लोग शामिल रहे।

# तथागत ज्ञानस्थली अतर्रा में म्यूजिक व मैजिक शो का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। तथागत ज्ञानस्थली सीनियर सेकेंडरी स्कूल अतर्रा में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए एक भव्य म्यूजिक एवं मैजिक शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध जादूगर गोगा ने अपनी अद्भुत कला और संगीत के समन्वय से ऐसा समां बांधा कि पूरा विद्यालय तालियों की गूंज से गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरुआत उत्साहपूर्ण वातावरण में हुई। जहां जादूगर गोगा ने एक के बाद एक रोचक और चमत्कारी प्रस्तुतियां दीं। उनके हर करतब पर बच्चों ने जोरदार तालियों से स्वागत किया। विशेष रूप से छोटे बच्चे इस शो से अत्यधिक प्रभावित और मनोरंजित नजर आए। उनकी हंसी, उत्साह और जिज्ञासा कार्यक्रम की सफलता को दर्शा रही थी। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर मैम एवं प्रिंसिपल मैम की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही समस्त शिक्षकगण भी कार्यक्रम में मौजूद रहे और बच्चों के साथ इस आनंदमय क्षण का हिस्सा बने। प्रिंसिपल मैम ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के मानसिक विकास के साथ—साथ उनकी रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पढ़ाई के साथ मनोरंजन भी आवश्यक है, जिससे बच्चे तनावमुक्त होकर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। वहीं डायरेक्टर मैम ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल पुस्तक ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देना है। ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास, उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी और संतोष साफ झलक रहा था। यह आयोजन न केवल मनोरंजन का माध्यम बना, बल्कि बच्चों के लिए एक यादगार अनुभव भी साबित हुआ। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक और ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित करने का आश्वासन दिया।

# एमपी बॉर्डर पर बनेगा प्रवेश द्वार, 1 करोड़ 88 लाख की लागत से चमकेगी सीमा

## - दुरेडी-इटवा-लोहरा-परमपुरवा मार्ग पर शुरू होगा निर्माण, विकास को लगेंगे पंख

## - 13 जनवरी तक कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य, कनेक्टिविटी होगी और भी मजबूत

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गुड गवर्नेंस और सीमावर्ती क्षेत्रों के कायाकल्प की नीति अब जिले में धरातल पर उतरने जा रही है। जिले में उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा को जोड़ने वाले दुरेडी—इटवा—लोहरा व परमपुरवा मार्ग पर एक भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण होने जा रहा है। जिससे न केवल जिले की कनेक्टिविटी मजबूत होगी बल्कि सीमावर्ती इलाकों की सूरत भी बदल जाएगी और इस पर एक करोड़ 88 लाख रुपये खर्च होंगे। 1.88 करोड़ की लागत से चमकेगी सीमा क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाई देने के लिए योगी सरकार ने 1 करोड़ 88 लाख रुपये का भारी—भरकम बजट स्वी.त किया है। इस भव्य प्रवेश द्वार के माध्यम से जनपद की सीमा पर आने वाले आगंतुकों का स्वागत शाही अंदाज में होगा। जिससे इस क्षेत्र का यातायात तो सुगम होगा ही साथ ही साथ उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश की व्यापारिक गतिविधियों का बढ़ावा भी मिलेगा। जिला प्रशासन ने इस परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए 13 जनवरी 2027 तक का लक्ष्य निर्धारित किया है और लोक निर्माण विभाग को तय समय सीमा पर कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे में सुधार की यह योजना इस क्षेत्र के लोगों के लिए एक बड़ी सौगात मानी जा रही है। कहा जाए तो योगी सरकार के कुशल सुशासन का यह परिणाम है जो क्षेत्र वर्षों से उपेक्षित थे। वहां अब विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। जिसके क्रम में यहां बेहतर कनेक्टिविटी और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से बांदा के विकास को सचमुच पंख लगने वाले हैं।

# अग्निपीड़ित परिवारों की मदद के लिए आगे आया विश्व मानवाधिकार परिषद

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर, लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के विकास नगर सेक्टर 14 रिंग रोड पर खाली प्लाट में बनी झोपड़ पट्टी में लगी भीषण आग से पीड़ित परिवारों से मिलने और उनको सरकार से आर्थिक मदद दिलाने के लिए विश्व मानवाधिकार परिषद संगठन के पदाधिकारियों ने पीड़ित परिवारों का हालचाल लिया। आश्वासन दिलाया कि हम लोग आप लोगों के लिए आर्थिक मदद के लिए सरकार से मांग करेंगे जिससे आप लोगों को हुए नुक्सान की भरपाई हो सके जिससे आप लोगों का जीवनयापन पहले की तरफ चल सके। इसके अलावा संगठन की तरफ से पीड़ित परिवारों को




गर्मी की तपिश को देखते हुए पीड़ित परिवारों से मिलकर उनको वाटर कूलर भी दिए गए। जिसमें विशेष रूप से मानवाधिकार प्रकोष्ठ के अधिकारी एवं विश्व मानवाधिकार परिषद संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर एमआर अंसारी, राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव एडवोकेट मेराज अंसारी, राष्ट्रीय अध्यक्ष टीचर सेल श्रीराम अकबाल बहादुर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ एडवोकेट हाईकोर्ट संयुक्त सचिव अवध बार एसोसिएशन, प्रदेश अध्यक्ष टीचर सेल बृजेन्द्र शरण, सनातन महासभा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग पांडेय, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ एडवोकेट आतिफ खान, जिला उपाध्यक्ष अकबर बेग, तजम्मुल हक एवं मिर्जा अतहर बेग के अलावा अन्य कई लोग मौजूद रहे।

# जगन्नाथपुर में छापेमारी, सैकड़ों लीटर डीजल-पेट्रोल बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। कोतवाली नानपारा क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव में जिला पूर्ति अधिकारी के निर्देश पर की गई छापेमारी में बड़ी मात्रा में अवैध रूप से संग्रहित डीजल और पेट्रोल बरामद किया गया। जब्त ईंधन की अनुमानित लागत करीब ढाई लाख रुपये बताई जा रही है। दोपहर करीब 2 बजे की गई कार्रवाई में जगन्नाथपुर निवासी अजय वर्मा पुत्र रामनारायण उर्फ ननकऊ के घर से सैकड़ो लीटर डीजल—पेट्रोल बरामद हुआ। पूर्ति विभाग की टीम ने मौके पर मौजूद कंटेनरों और भंडारण व्यवस्था को सील करते हुए ईंधन को जब्त कर लिया। पूछताछ में अजय वर्मा ने दावा किया कि उसके पास कुल 56 बीघा .षि भूमि है। 26 बीघा स्वयं की, 12 बीघा माता की तथा 18 बीघा आधे हिस्से की.और .षि कार्यों में उपयोग के लिए ईंधन एकत्र किया गया था। हालांकि, विभागीय अधिकारियों के अनुसार इतनी बड़ी मात्रा में ईंधन का भंडारण नियमों के दायरे में नहीं आता, इसलिए मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। छापेमारी दल में पूर्ति निरीक्षक अमन कुमार, लिपिक सलीम सिद्दीकी, पूर्ति अधिकारी साधना श्रीवास्तव, बलहा से उपनिरीक्षक ममता सिंह यादव, सौरभ वर्मा, धूप नारायण सहित पुलिस विभाग के अन्य कर्मी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध भंडारण और कालाबाजारी पर किसी भी सूरत में सख्ती बरती जाएगी।

# संवाद व समझदारी से विवादों का हुआ निस्तारण

न्यूज वाणी ब्यूरो


बहराइच। रुपईडीहा थाना अंतर्गत बाबागंज पुलिस चौकी क्षेत्र में पुलिस और समाज के बीच बेहतर तालमेल का एक सराहनीय उदाहरण देखने को मिला। बेहतर पुलिसिंग के लिए पहचाने जाने वाले चौकी इंचार्ज शिवेश शुक्ला ने लोकप्रिय ग्राम प्रधान फौजदार वर्मा तथा वरिष्ठ पत्रकार मनीराम शर्मा के सहयोग से एक गांव सभा में लंबे समय से चले आ रहे पारिवारिक जमीनी विवाद का न्यायसंगत समाधान कराया। बताया जाता है कि दो भाइयों के बीच जमीन को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था, जिससे परिवार में तनाव और गांव का माहौल भी प्रभावित हो रहा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए चौकी इंचार्ज शिवेश शुक्ला ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। ग्राम प्रधान फौजदार वर्मा और वरिष्ठ पत्रकार मनीराम शर्मा ने भी मध्यस्थता करते हुए आपसी भाईचारे और शांति बनाए रखने की सलाह दी। काफी बातचीत और समझाइश के बाद दोनों पक्ष न्यायपूर्ण समाधान पर सहमत हो गए। विवाद समाप्त होने पर परिवार के लोगों ने राहत महसूस की और सभी ने पुलिस प्रशासन की कार्यशैली की सराहना की। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इसी प्रकार संवाद और समझदारी से विवादों का निस्तारण होता रहे, तो समाज में शांति और सौहार्द हमेशा बना रहेगा

# जिले की वानर सेना व पूर्व विधायक ने पेश की मानवता की मिसाल

## - अग्निकांड में जान गंवाने वाले मासूम के परिजनों को पहुंचाई मदद

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। जिले के खीरो क्षेत्र के ऐंधी गांव में हाल ही में घटी दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। गांव के एक घर में अचानक आग लगने से तीन वर्षीय मासूम बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे ने न केवल परिवार, बल्कि पूरे गांव को गहरे शोक में डुबो दिया। मासूम की असमय मौत ने हर किसी की आंखें नम कर दीं। इस दुखद घटना के बाद पीड़ित परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। ऐसे कठिन समय में जब लोग केवल संवेदना व्यक्त कर आगे बढ़ जाते हैं, तब रायबरेली की प्रसिद्ध वानर सेना और पूर्व विधायक राकेश सिंह ने मानवता की मिसाल पेश की। घटना के मात्र 72 घंटे के भीतर पीड़ित परिवार तक सहायता पहुंचाकर उन्होंने यह साबित कर दिया कि जनसेवा केवल शब्दों से नहीं, बल्कि कर्म से होती है। वानर सेना के प्रमुख धीरज सिंह लगातार जरूरतमंदों की मदद के लिए जाने जाते हैं। उनकी टीम बिना किसी स्वार्थ और प्रचार की इच्छा के हर संकट में लोगों के साथ खड़ी रहती है। इस घटना में भी वानर सेना ने तत्परता दिखाते हुए पीड़ित परिवार तक राहत पहुंचाई और उन्हें मानसिक संबल दिया। पूर्व विधायक राकेश सिंह ने भी परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की और भरोसा दिलाया कि वे इस कठिन समय में अकेले नहीं हैं। उनकी इस संवेदनशील पहल की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि हर जनप्रतिनिधि इसी तरह जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ काम करे, तो समाज की कई समस्याएं स्वतः कम हो सकती हैं। रायबरेली की यह मिसाल बताती है कि जब देवदूत वानर सेना ष्जीवन की रक्षा मानवता का धर्मष्उम्मीद सपना एक नई जिन्दगी के साथ नेतृत्व शब्दों से निकलकर कर्म में बदलता है, तब उम्मीद की नई किरण जन्म लेती है। सचमुच, अंधकार कितना भी गहरा क्यों न हो, एक दीपक उसे अवश्य चीर देता है।




# अधिवक्ताओं ने कार्य करने पर दिया जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो / मिश्रिख, सीतापुर। लॉयर्स एसोसिएशन की आवश्यक बैठक अध्यक्ष बृजलाल चौधरी की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में उपस्थित अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि उच्चतम न्यायालय द्वारा फैजाबाद बार एसोसिएशन बनाम उत्तर प्रदेश बार काउंसिल आदि में पारित निर्देशों का सभी सदस्य अधिवक्ता



पूर्णतया अनुपालन करेंगे तथा न्यायिक कार्य में पूर्ण सहयोग और प्रतिभाग करेंगे ताकि वादकारियों को समय पर न्याय सुलभ हो सके संगठन के सदस्यों ने उपजिलाधिकारी मिश्रित से मिलकर कार्यकरण का प्रस्ताव दिया। अधिवक्तागण सौरभ सक्सेना, नरेंद्र प्रताप, अकरम खान, गौरव वाजपई, ठाकुर प्रसाद, प्रेम प्रकाश राजवंशी, रजनीश कुमार, जलालुद्दीन, अमीर अहमद, सुरेंद्र मोहन, सत्यप्रकाश, अजय पांडेय, विमलेंद्र त्रिपाठी, आनंद यादव, इमरान अहमद, अभिषेक विमल, पुष्पेंद्र गुप्ता, सुनील प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा संगठन की बैठक संपन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उ0प्र0 लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा एसोसिएशन (उपासा) की बैठक कार्यालय जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जनपद के नव—निर्वाचित अध्यक्ष सुरेश कुमार द्वारा की गई। बैठक में शैलेश कुमार सहायक लेखाधिकारी एवं छोटके लाल सहायक लेखाधिकारी तथा जनपद के



विभिन्न विभागों में कार्यरत लेखाकारों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

बैठक में उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार, उपाध्यक्ष रोहित कुमार, मंत्री सुरजीत सिंह तथा संयुक्त मंत्री समरेंद्र सिंह सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई। रिक्त पदों को भरने, संगठन को मजबूत करने तथा नियमित बैठकों के आयोजन पर सहमति बनी। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संगठन की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएँगी। उपस्थित सदस्यों द्वारा अपनी—अपनी समस्याएँ रखी गईं, जिन पर समाधान हेतु विचार—विमर्श किया गया। संगठन को सशक्त बनाने के लिए यह भी निर्णय लिया गया कि वार्षिक सदस्यता शुल्क जमा कराया जाएगा तथा सहयोग राशि एक सप्ताह के भीतर जमा कराने का आग्रह किया गया। अध्यक्ष सुरेश कुमार द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

# तेज रफ्तार लोडर की टक्कर से बालक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। नगर के मोहल्ला कोठी कैस्त में गुरुवार दोपहर करीब एक बजे हुए सड़क हादसे में 13 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। साईं पैलेस के सामने तेज रतार लोडर वाहन ने शिव पुत्र रामू को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर



गिरकर घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल बालक को तुरंत पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार बालक को चोटें आई हैं और उसकी हालत पर लगातार नजर रखी जा रही है। बताया गया है कि घायल बालक के पिता रामू फेरी लगाकर परिवार का पालन–पोषण करते हैं। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है। वहीं स्थानीय लोगों ने प्रशासन से क्षेत्र में तेज रतार वाहनों पर नियंत्रण और सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# एसएसपी ने बढ़पुरा थाने का किया वार्षिक निरीक्षण

## - अपराध नियंत्रण व जनशिकायत निस्तारण पर दिए सख्त निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

बढ़पुरा, इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा थाना बढ़पुरा का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, हवालात, भोजनालय, बैरक, शस्त्रागार, सीसीटीएनएस कार्यालय सहित अभिलेखों एवं अपराध रजिस्टरों का गहन परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख–रखाव, लंबित विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण, महिला अपराधों में संवेदनशीलता, जनशिकायतों के समयबद्ध समाधान एवं प्रभावी पुलिसिंग के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। साथ ही अपराध की रोकथाम, वांछित अभियुक्तों की गिरतारी, अवैध गतिविधियों पर अंकुश, मिशन शक्ति अभियान के क्रियान्वयन, बीट पुलिसिंग को सक्रिय रखने एवं जनसंवाद को मजबूत करने पर विशेष बल दिया गया। पुलिस कर्मियों की कार्यशैली, अनुशासन, साफ–सफाई एवं आमजन के प्रति व्यवहार को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए। थाना परिसर की स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्थाओं एवं अभिलेखीय कार्यों को सुदृढ़ करने पर भी जोर दिया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभय नाथ त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर अभय नारायण राय, क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर आयुषी सिंह, क्षेत्राधिकारी चकरनगर अवनीश कुमार सिंह, थाना प्रभारी बढ़पुरा सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



# सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को सम्मानपूर्वक दी विदाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा सेवानिवृत्त कर्मियों को स्मृति चिन्ह, घड़ी, प्रशस्ति पत्र एवं शॉल भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। साथ ही आश्वासन दिया गया कि भविष्य में किसी भी आवश्यकता पर विभाग द्वारा यथासंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। सेवानिवृत्त होने वालों में उ0नि0 (ना0पु0) एवं कुमार (थाना बलरई) एवं मु0आरक्षी बलवीर सिंह (पुलिस लाइन) शामिल रहे। इस मौके पर अभयनाथ त्रिपाठी, संतोष कुमार सिंह सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने सेवानिवृत्त कर्मियों की सेवाओं को सराहा और उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की।



# नहर में नहाते समय युवक डूबा, 24 घंटे बाद भी नहीं लगा सुराग

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। बलरई थाना क्षेत्र के ग्राम नगला गुंदी के सामने भोगनीपुर गंग नहर में नहाने गए दो युवकों में से एक युवक के डूबकर लापता हो जाने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना बुधवार देर शाम की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ टीम व स्थानीय गोताखोर मौके पर पहुंचकर युवक की तलाश में जुट गए, लेकिन लगभग 24 घंटे बीत जाने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपक (26) पुत्र हरिश्चंद्र निवासी ग्राम कारीखेड़ा थाना सिरसागंज अपने साथी मोहम्मद इसराइल निवासी बिहार के साथ डीएफसी रेलवे परियोजना में ठेका श्रमिक के रूप में कार्य करता था। उनके साथ शिवराज सिंह (28) पुत्र



स्वर्गीय जयदेव सिंह भी मजदूरी करता है। शिवराज के अनुसार बुधवार शाम दोनों युवक नहर में नहाने गए थे, तभी तेज बहाव के कारण वे डूबने लगे। इस दौरान एक युवक ने दूसरे को बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सका। किसी तरह वह खुद को बचाकर बाहर निकल आया, जबकि दीपक तेज धारा में बहकर लापता हो गया। घटना के बाद दीपक का साथी घबराकर अपना सामान लेकर मौके से चला गया, जिससे स्थिति संदिग्ध हो गई। ग्राम प्रधान मनीष ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष .पाल सिंह पुलिस बल व गोताखोरों के साथ मौके पर पहुंचे और सर्च ऑपरेशन शुरू कराया। मौके पर क्षेत्राधिकारी आयुषी सिंह भी पहुंचीं और स्थिति का जायजा लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि अतिरिक्त गोताखोर लगाकर तलाश अभियान तेज किया जाए। देर रात तक चलाए गए अभियान के बावजूद युवक का कोई पता नहीं चल सका, जिससे परिजनों में चिंता और क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# आयुष्मान कार्ड करेक्शन के नाम पर वसूली का आरोप, घंटों करना पड़ता इंतजार

न्यूज वाणी ब्यूरो

एलाऊ। केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना का उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद लोगों को निशुल्क इलाज उपलब्ध कराना है। लेकिन स्थानीय स्तर पर इस योजना के नाम पर ही वसूली के आरोप सामने आ रहे हैं। ब्लॉक जागीर क्षेत्र के किशनी–मैनपुरी मार्ग स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जागीर में आयुष्मान कक्ष में तैनात कर्मचारी चांदनी पर कार्ड में करेक्शन के नाम पर अवैध वसूली करने के आरोप लगे हैं। क्षेत्र के गांव एलाऊ निवासी रामकुमार और उनकी पत्नी पूनम ने



आरोप लगाया कि उनसे कार्ड में संशोधन के नाम पर 187 रुपये मांगे गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई एक मामला नहीं है। कई कार्ड धारकों से 100 से 200 रुपये तक की वसूली की जा रही है। आरोप है कि काम समय पर नहीं किया जाता और लोगों को बार–बार चक्कर लगाने पड़ते हैं। कुछ मरीज तो घंटों अस्पताल परिसर में इंतजार करने के बाद बिना काम कराए ही लौट जाते हैं। अस्पताल के बाहर जमीन पर बैठे इंतजार करते लोगों की तस्वीरें भी आम हैं। बताया जा रहा है कि कार्ड में छोटी–मोटी त्रुटि जैसे नाम में एक अक्षर की गलती या पते में बदलाव को ठीक कराने के लिए भी पैसे मांगे जाते हैं। इससे पहले भी ऐसे मामलों के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। जिससे व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस पूरे मामले को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी के साथ–साथ तंज भी देखने को मिल रहा है। एक बुजुर्ग ने कहा बीमारी से ज्यादा तो ये करेक्शन ही भारी पड़ रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब योजना का उद्देश्य ही मुत इलाज देना है, तो करेक्शन के नाम पर यह वसूली किस नियम के तहत की जा रही है। अब देखना होगा कि संबंधित अधिकारी इस करेक्शन गेम पर कब रोक लगाते हैं और दोषियों के खिलाफ क्या कार्रवाई होती है।

# बढ़पुरा थाने में मिशन शक्ति केन्द्र का लोकार्पण

## – नारी सुरक्षा–सशक्तिकरण के साथ वृक्षारोपण का संदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा थाना बढ़पुरा परिसर में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण हेतु स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए



महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सहायता और जागरूकता को प्राथमिकता बताया गया। मिशन शक्ति केन्द्र के माध्यम से महिलाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी, परामर्श एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति सजग और आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम के दौरान थाना परिसर में कल्प वृक्ष का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभय नाथ त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर अभय नारायण राय, क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर आयुषी सिंह, क्षेत्राधिकारी चकरनगर अवनीश कुमार सिंह, थाना प्रभारी बढ़पुरा सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नारी शक्ति पर बुलंद आवाज, महिला आरक्षण से सशक्त होगा लोकतंत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला आरक्षण विधेयक



जैसे महत्वपूर्ण विषय पर आयोजित उत्तर प्रदेश विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र में सदर विधायक सरिता भदौरिया ने भाग लेते हुए महिलाओं के अधिकार और सशक्तिकरण पर जोर दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह विधेयक केवल एक कानूनी प्रावधान नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी को अधिकार, सम्मान और निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी दिलाने का सशक्त माध्यम है। यह पहल महिलाओं की भागीदारी को और प्रभावी बनाते हुए लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करेगी और सामाजिक समरसता को नई दिशा देगी। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति समाज की आधारशिला है और मां, बहन व बेटी के रूप में हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। ऐसे में उनका राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण राष्ट्र के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह विधेयक महिलाओं को नेतृत्व के नए अवसर प्रदान करेगा और उन्हें आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि नारी शक्ति के हक पर अतिक्रमण करने वालों को महिला शक्ति कभी माफ नहीं करेगी। विशेष सत्र में सहभागिता के दौरान उन्होंने नारी सम्मान, अधिकारों की रक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हर संभव प्रयास करने का संकल्प भी व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास जताया कि यह ऐतिहासिक पहल आने वाले समय में देश को और अधिक सशक्त, समावेशी और प्रगतिशील बनाएगी।

# नन्ही वैष्णवी की मासूम भक्ति का वीडियो वायरल

## – लोगों ने कहा आस्था उम्र की मोहताज नहीं

न्यूज वाणी ब्यूरो

एलाऊ। ब्लॉक जागीर क्षेत्र के गांव एलाऊ निवासी पत्रकार हरिओम चौहान की तीन वर्षीय बेटी वैष्णवी इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई है। वैष्णवी का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उसकी मासूम भक्ति और धार्मिक आस्था लोगों का दिल जीत रही है। हालांकि परिजनों के अनुसार यह वीडियो पुराना है, लेकिन हाल ही में सोशल मीडिया पर आने के बाद इसे व्यापक रूप से साझा किया जा रहा है। वायरल वीडियो में नन्ही वैष्णवी बेहद सहज अंदाज में पूजा करती नजर आ रही है। पहले वह भगवान सूर्य को जल अर्पित करती है, इसके बाद भगवान शिव और उनके परिवार की विधिवत पूजा करती है। पूजा के अंत में वह हाथ जोड़कर दंडवत प्रणाम करती है और वहां से चली जाती है। उसकी इस पूरी प्रक्रिया में मासूमियत और स्वाभाविक श्रद्धा साफ झलकती है, जिसने लोगों को भावुक कर दिया है। वैष्णवी के पिता हरिओम चौहान ने बताया कि उनकी बेटी अक्सर उन्हें और अपने बाबा को पूजा करते हुए देखती रहती है। संभवतः उसी का प्रभाव है कि उसने खुद भी बिना किसी के कहे पूजा की पूरी प्रक्रिया दोहराई। उन्होंने कहा कि उस समय वहां मौजूद एक व्यक्ति ने चुपके से इस पूरे .श्य का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद लोगों की प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई है। कोई इसे सच्ची भक्ति बता रहा है तो कोई संस्कारों की झलक कहकर सराहना कर रहा है। कई यूजर्स ने लिखा कि इतनी छोटी उम्र में इस तरह की आस्था दुर्लभ है, जबकि कुछ ने इसे माता–पिता द्वारा दिए गए अच्छे संस्कारों का परिणाम बताया। स्थानीय स्तर पर भी यह वीडियो चर्चा का विषय बना हुआ है। लोग वैष्णवी की मासूम भक्ति की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। यह वीडियो एक बार फिर यह संदेश दे रहा है कि भक्ति और श्रद्धा किसी उम्र की मोहताज नहीं होती, बल्कि यह दिल से जुड़ी भावना है, जो अपने आप प्रकट हो जाती है।



# स्कूल में छात्राओं को सुरक्षा व साइबर जागरूकता का दिया संदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में थाना ऊसराहार पुलिस ने मिशन शक्ति फेज–5 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत सेंट साईं पब्लिक स्कूल में एक विशेष जागरूकता




कार्यक्रम आयोजित किया।

यह कार्यक्रम बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं एवं उपस्थित महिलाओं को महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 112 पुलिस, 102 एवं 108 स्वास्थ्य सेवा, 1090 वूमेन पावर लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके अलावा पुलिस टीम ने साइबर अपराधों से बचाव के उपायों पर भी विशेष जोर दिया। लोगों को आगाह किया गया कि किसी भी अंजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें और किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। ऑनलाइन लेन–देन और सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सतर्क रहने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं को जागरूकता पम्पलेट वितरित कर उन्हें सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस द्वारा इस तरह के अभियानों के माध्यम से लगातार जनजागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे महिलाएं खुद को सुरक्षित और सशक्त महसूस कर सकें।

# उदी चौकी का लोकार्पण, सुरक्षा को मिलेगी नई मजबूती

## - सीमा क्षेत्र में बढ़ेगी निगरानी, अपराध नियंत्रण होगा प्रभावी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा थाना बढ़पुरा क्षेत्र के अंतर्गत उदी पुलिस चौकी के नवनिर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण किया गया। चौकी को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है तथा क्षेत्र में प्रभावी निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान भवन की संरचना, कार्यालय व्यवस्था, अभिलेख संरक्षण, आगंतुक सुविधाओं एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि चौकी परिसर को स्वच्छ, व्यवस्थित एवं तकनीकी रूप से सु.ढ़ रखते हुए आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश सीमा से सटे होने के कारण उदी चौकी भौगोलिक .ष्टि से महत्वपूर्ण है। यह चौकी अंतरराज्यीय गतिविधियों की निगरानी, अपराध नियंत्रण तथा अवैध परिवहन व ओवरलोडिंग वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई में अहम भूमिका निभाएगी। चौकी के आधुनिकीकरण से क्षेत्रीय जनता को बेहतर पुलिस सुविधाएं मिलेंगी और कानून–व्यवस्था को और अधिक सु.ढ़ बनाने में मदद मिलेगी। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभय नाथ त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर अभय नारायण राय, क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर आयुषी सिंह, क्षेत्राधिकारी चकरनगर अवनीश कुमार सिंह एवं थाना प्रभारी बढ़पुरा सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।




# हम सबके पास एक बड़ा सपना होना चाहिए : मेविस टाक

न्यूज वाणी ब्यूरो/बांदा। नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत हिरा इस्लामिया इंटर कॉलेज/हिरा मॉडल स्कूल नरैनी रोड में एक अभिप्रेरण कार्यक्रम हुआ जिसमे मुख्य वक्ताओ में एएसपी मेविस टाक एवं आईएएस फरहीन जाहिद रहे। दोनों ही वक्ताओ का विद्यालय की प्रधानाचार्या मरियम खान ने बैच अलंकरण व बुके देकर अभिनन्दन किया। अपने भाषण में एएसपी मेविस टाक ने छात्र–छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सबके पास एक बड़ा सपना होना चाहिए, उसके लिए अतिरिक्त प्रयास करना चाहिए क्यूंकि आपमें हर चीज पाने कि क्षमता है। ऐसे ही लोग जीवन में अभेद लक्ष्य को प्राप्त करते है। इसी क्रम में फरहीन जाहिद ने अपने संबोधन में कहा कि जो मेविस टाक ने कहा उससे में पूर्ण सहमत हु और कहा कि निरंतरता भी बहुत आवश्यक है। साथ ही हमारे पास एक दृष्टिकोण भी होना चाहिए कि हम क्या करे और क्यों करे अंत में अपने भाषण में कहा कि हमे टीम भावना से भी कार्य करना चाहिए। इसके बाद बोर्ड परीक्षा 2026 में कक्षा 12 (विज्ञानं वर्ग) में प्रथम, द्वतीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त सारा सिद्दीकी, महक, मो० सैफ अंसारी व दिलावर खान को, कक्षा 12 (मानविकी वर्ग) में प्रथम स्थान प्राप्त इंशा खान तथा कक्षा 10 में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त खदीजा खातून, लायबा अख्तर व हूर बानो को आये हुए वक्ताओ द्वारा पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के संचालक राहुल सर ने आये हुए अतिथियों, अभिभावकों उमर, रहमान खान, गुलाम मुस्तफा, अंसार अहमद, मुन्ना लाल आदि का आभार व्यक्त किया।

# संयुक्त प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी घोषित

## - पत्रकारों की समस्याओं पर प्रशासनिक उदासीनता पर जताई चिंता

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। संयुक्त प्रेस क्लब इटावा उत्तर प्रदेश की जिला कार्यकारिणी की बैठक संस्था के संरक्षक गणेश ज्ञानार्थी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। बैठक के दौरान पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के प्रति शासन एवं प्रशासन की उदासीनता पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। बैठक में नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। घोषित कार्यकारिणी में गणेश ज्ञानार्थी, रणवीर सिंह भदौरिया, धर्मलाल चतुर्वेदी व राजेन्द्र यादव संरक्षक बनाए गए हैं। राजेन्द्र भसीन को अध्यक्ष, सुधीर मिश्र को महामंत्री, अन्नू चौरसिया को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं संजय कुमार सिंह चौहान, मसूद तैमूरी व ओमरतन कश्यप उपाध्यक्ष, अतुल गुप्ता कोषाध्यक्ष, रघुवीर सिंह यादव व कमल मिश्रा संगठन मंत्री तथा नितेश प्रताप सिंह प्रचार मंत्री बनाए गए हैं। इसके अतिरिक्त संजीव शर्मा, राहुल तिवारी, मुनव्वर अली अर्शी (फोटोग्राफर) व वहाज अली निहाल को सदस्य नामित किया गया है। शाकिर अली को भरथना एवं संजीव राजपूत को इकदिल नगर अध्यक्ष बनाया गया है। बैठक में आगामी 30 मई हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पत्रकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया। संरक्षक गणेश ज्ञानार्थी ने कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को सु.ढ़ रखने में पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है, लेकिन उनकी समस्याओं के समाधान के प्रति प्रशासन की संवेदनहीनता चिंताजनक है। अध्यक्ष राजेन्द्र भसीन ने बताया कि पत्रकारों की विभिन्न मांगों को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने 25 फरवरी को सैफई में डिप्टी सीएम ब्रजेश




पाठक, 19 मार्च को जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला, 27 मार्च को सदर विधायक सरिता भदौरिया और 14 अप्रैल को सांसद जितेंद्र दोहरे को ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन में प्रमुख मांगों में कोरोना काल में बंद हुई रेल यात्रा रियायत को पुनः बहाल करना, टोल प्लाजा पर निशुल्क आवागमन, पत्रकारों की समस्याओं के समाधान हेतु स्थायी समिति की नियमित बैठक, वास्तविक पत्रकारों की पहचान के लिए ठोस व्यवस्था, आयुष्मान कार्ड की उपलब्धता, 60 वर्ष से ऊपर के पत्रकारों की पेंशन शुरू कराना, मान्यता प्राप्त पत्रकारों की सूची सभी विभागों को उपलब्ध कराना, ग्रामीण क्षेत्रों के पत्रकारों की सुरक्षा एवं आर्थिक सहायता, कलेक्ट्रेट परिसर में बैठने की व्यवस्था व आवास उपलब्ध कराना तथा उत्पीड़न के मामलों में त्वरित जांच जैसी मांगें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित जनप्रतिनिधियों ने आश्वासन तो दिया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आई है। यदि पत्रकारों की ही सुनवाई नहीं होगी तो आम जनता को न्याय मिलने की उम्मीद कैसे की जा सकती है। अंत में महामंत्री सुधीर मिश्र ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सड़क सुरक्षा को लेकर एसएसपी की सख्ती

## - यातायात व्यवस्था सुधार हेतु समीक्षा बैठक आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी और सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश



कुमार श्रीवास्तव द्वारा कचहरी स्थित नवीन सभागार में सड़क सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने और आमजन को जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर सुधारात्मक कार्यवाही, विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता अभियान चलाने तथा प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप समन्वय स्थापित कर सुरक्षित और सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ओवरलोडिंग, गलत दिशा में वाहन संचालन, बिना हेलमेट और सीट बेल्ट वाहन चलाने तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, सभी क्षेत्राधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी तथा संबंधित विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता परिषद की कार्यकारिणी घोषित, राजेन्द्र भान बने अध्यक्ष

## - नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर किया स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अधिवक्ता परिषद के गठन के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपरांत नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई। शहर के वीआईपी रोड स्थित विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित संगठनात्मक बैठक में अधिवक्ता परिषद काशी प्रांत के महामंत्री नीरज सिंह ने नई कमेटी का गठन कराया। बैठक में सर्वसम्मति




से विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों के नाम घोषित किए गए।

नई कार्यकारिणी में राजेन्द्रभान सिंह को अध्यक्ष, नितिन त्रिपाठी को महामंत्री चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर प्राचित्य पौरव, शैलेन्द्र सिंह गौतम, संदीप त्रिपाठी, पूणेन्द्र अग्निहोत्री और नेहा वर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई। कोषाध्यक्ष पद पर अमित रस्तोगी तथा मंत्री पद पर अंकित बाजपेयी, विवेक पासवान, रजत सैनी, आरती श्रीवास्तव और करन चौधरी को नामित किया गया। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में यज्ञदत्त बाजपेयी, अनुपम दीक्षित, विशेष बाजपेयी, शुभम श्रीवास्तव, आदर्श तिवारी, उमेश त्रिपाठी, अनुग्रह प्रताप सिंह, प्राजुल शुक्ला, अमन पटेल, शुभम गुप्ता, सुयश मिश्रा, वेद प्रकाश तिवारी, नितेश राठौर, राघवेन्द्र यादव, पुनीत श्रीवास्तव, संदीप यादव एवं हेमंत तिलक को सर्वसम्मति से शामिल किया गया। कार्यक्रम के दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। संगठन के विस्तार और अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा को लेकर नई टीम से अपेक्षाएं जताई गईं। इस मौके पर शासकीय अधिवक्ता अनिल दुबे, रघुवीर सिंह, अमरजीत भारती, विनीत श्रीवास्तव, सुनील गुप्ता, अरविंद नारायण शुक्ला, मनीषा गुप्ता एवं कल्पना शुक्ला समेत कई वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। काशी प्रांत महामंत्री नीरज सिंह ने कहा कि अधिवक्ता परिषद अधिवक्ताओं के अधिकार, सम्मान और सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए लगातार कार्य करती रही है। नई कार्यकारिणी संगठन को और मजबूत बनाने के साथ युवा अधिवक्ताओं को मंच प्रदान करेगी।

# प्रदेश की सभी सीटों पर चुनाव लड़ने को लोजपा कार्यकर्ता रहें तैयार

## - स्थानीय स्तर पर जनता से जुड़ेंगे, गठबंधन होने पर सम्मानजनक सीटों पर होगा समझौता

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। लोकजन शक्ति पार्टी रामबिलास उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 में प्रदेश की सभी सीटों पर चुनाव लडने को पूरी तैयारी करेगी। पार्टी का बिहार में एनडीए के साथ गठबंधन है। यूपी में गठबंधन होता है तो पार्टी सम्मानजन सीटो पर समझौता कर चुनाव लड़ने का काम करेगी। उक्त बातें लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश महासचिव बिहार एव जनपद प्रभारी कुमार विवेक अनान्द के पत्रकारों से बातचीत में कही। गुरुवार को शहर के पटेलनगर स्थित एक होटल में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास की संगठनात्मक समीक्षा बैठक एवं कार्यकर्ता संवाद का आयोजन जिलाध्यक्ष राजू पासवान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बिहार राज्य के प्रदेश महसचिव कुमार विवेक अनान्द ने शिकरत की। इस दौरान कार्यकर्ताओ से प्रदेश में होने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव के लिये सभी विधानसभा सीटों पर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने एवं स्थानीय समस्याओं के मुद्दों पर जनता से जुड़ने का आह्वान किया। समीक्षा बैठक के उपरांत संगठन को मजबूती देने के लिये कार्यवाहक जिलाध्यक्ष के रूप में शिवबहादुर पासवान, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नसीम खान व किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष इरफान खान को नियुक्त किया गया। किसान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा एडवोकेट द्वारा समाजवादी पार्टी समेत अन्य दलों से आये हुए आधा सैकड़ा लोगों को लोजपा की सदस्यता ग्रहण कराई गई। माला पहनाकर स्वागत किया गया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए जनपद प्रभारी कुमार विवेक




आनंद ने बताया कि उत्तर प्रदेश प्रभारी एव सांसद अरुण भारती के निर्देशन पर पूर्वी यूपी के सभी जिले में एक साथ समीक्षा बैठक आयोजित की जा रही है। जिसमे कार्यकर्ताओ से संवाद कर उनकी समस्याओं के निराकरण के साथ ही विधानसभा चुनाव 2027 के लिए संगठन को मजबूत कर प्रदेश की सभी सीटों पर बूथ स्तर तक पहुंच बनाना है। लोजपा सभी सीटों पर सवेदारी करेगी बिहार की तर्ज पर एनडीए गठबंधन करती है तो पार्टी सम्मानजनक सीटों पर समझौता करेगी एवं पूरी ताकत से चुनाव लड़ने का काम करेगी। इस मौके पर रमेश पासवान, राजोल दुबे, सिंघम दुबे, शिवसागर लोधी, नरेश, धीरेंद्र अवस्थी, घूरेलाल पासवान, कमलाकांत तिवारी आदि रहे।

# नारी अधिकारों के लिए महिला पद यात्रा, जोरदार प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। भाजपा के मण्डल द्वितीय क्षेत्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर जन आक्रोश महिला पदयात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर अपने




अधिकारों की आवाज बुलंद की। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष विरला शाक्य के नेतृत्व में निकली इस पदयात्रा में महिलाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर नारी सम्मान और अधिकारों की मांग उठाई। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि अब नारी शक्ति अपने हक के लिए पीछे नहीं हटेगी। पद यात्रा के बाद आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं का सम्मान केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसके लिए ठोस निर्णय और प्रभावी कानून जरूरी हैं। उन्होंने संकल्प लिया कि जब तक महिलाओं को उनके पूर्ण अधिकार नहीं मिलते, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा और आने वाले समय में इसे और व्यापक बनाया जाएगा। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष अजय यादव बिन्दू, पूर्व मण्डल अध्यक्ष महेश गुप्ता, पदयात्रा संयोजक भावना अग्निहोत्री, उमा सागर, कीर्ति भदौरिया, राधा मिश्रा, सीमा शुक्ला सहित कई महिलाएं मौजूद रहीं। वहीं पुष्पेन्द्र अग्निहोत्री, ध्रुवेश तोमर, राजीव उपाध्याय, श्रेयस मिश्रा, अभिषेक शुक्ला, विवेक गुप्ता सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया।

# पुलिस मुठभेड़ में पच्चीस हजार का इनामिया हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

## - पशु चोरी के मामलों में था फरार, तमंचा, बकरियां व नकदी बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में पशु चोरी की वारदातों से दहशत फैला रहा 25 हजार रुपये का इनामिया हिस्ट्रीशीटर आखिरकार बुधवार



की देर रात पुलिस के हत्थे चढ़ गया। खखरेरू थाना क्षेत्र के भीमपुर नहर पुलिया तिराहे के पास घेराबंदी के दौरान बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने की कोशिश की, लेकिन जवाबी कार्रवाई में उसके बाएं पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश को दबोचते हुए पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस, चोरी की दो बकरियां और नकदी बरामद की। पकड़ा गया आरोपी थाना खागा का हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ प्रदेश के विभिन्न थानों में 17 से अधिक मुकदमे दर्ज बताए जा रहे हैं। थाना खखरेरू पुलिस को सूचना मिली कि पशु चोरी के मामलों में वांछित बदमाश भीमपुर नहर पुलिया तिराहे से सड़वापार जाने वाली नहर पटरी की ओर देखा गया है। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी कर संदिग्ध की तलाश शुरू की। इसी बीच पुलिस को देखकर बदमाश ने खुद को घिरता देख तमंचे से फायर कर दिया और अंधेरे का लाभ उठाकर भागने लगा। पुलिस टीम ने आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की, जिसमें बदमाश के बाएं पैर में गोली जा लगी। घायल होने के बाद वह कुछ ही दूरी पर गिर पड़ा, जहां पुलिस ने उसे दबोच लिया। गिरतार घायल बदमाश की पहचान गुड्डू उर्फ सोहेल कुरैशी पुत्र मो. नवाब निवासी बहलोलपुर ऐलई थाना खागा के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक आरोपी मु.अ.सं. 77/2026 व 61/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत दर्ज पशु चोरी के मामलों में फरार चल रहा था। उसकी गिरतारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, तमंचे की नाल में फंसा एक जिंदा कारतूस, चोरी की दो बकरियां और 2010 रुपये नकद बरामद किए गए। पुलिस ने घायल आरोपी को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया, जहां उसे पुलिस निगरानी में रखा गया है।

### पुलिस के लिए चुनौती बना था आरोपी

गुड्डू उर्फ सोहेल कुरैशी लंबे समय से पशु चोरी की वारदातों में सक्रिय था। खागा थाने का हिस्ट्रीशीटर होने के कारण उसकी गतिविधियों पर पुलिस की नजर थी, लेकिन वह लगातार ठिकाने बदलकर गिरतारी से बच रहा था। बुधवार रात खखरेरू पुलिस ने घेराबंदी कर आखिरकार उसे दबोच लिया।


**उत्तर मध्य रेलवे**

नोटिस सं.: CC-6/Parcel/Stations/Outsourcing/Parcel Activities/2025
दिनांक- 24.04.2026

**सूचना**

**मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, प्रयागराज जंक्शन, कानपुर सेंट्रल, टूंडला एवं अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर पार्सल कार्यालय गतिविधियों के समग्र प्रबंधन हेतु अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI)**

प्रयागराज मंडल, उत्तर मध्य रेलवे द्वारा प्रयागराज मंडल के अंतर्गत **मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, प्रयागराज जंक्शन, कानपुर सेंट्रल, टूंडला एवं अलीगढ़** रेलवे स्टेशन पर पर पार्सल सेवाओं के समग्र प्रबंधन की शुरुआत हेतु अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रित की जाती है। इच्छुक एजेंसियाँ/व्यक्ति ईओआई दस्तावेजों के अनुसार अपेक्षित पूर्ण विवरण सहित विधिवत भरा हुआ आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। बोली प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि एवं समय : 09.05.2026 तक 15:00 बजे अपराह्न तक**। विस्तृत सूचना एवं भागीदारी के दिशा- निर्देशों हेतु कृपया आधिकारिक वेबसाइट **www.ncr.indianrailways.gov.in** देखें। EOI सम्बंधित किसी भी प्रकार के प्रश्न के लिए कृपया **sdcm2@ald.railnet.gov.in** पर ईमेल भेजें। **928/26(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# डीएम-एसपी ने परखी जेल की सुरक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था

## - बंदियों को समय पर दवा व विधिक सहायता देने के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला कारागार की व्यवस्थाओं को परखने के लिए गुरुवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल की सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों के भोजन, स्वास्थ्य सेवाओं, महिला व पुरुष बैरकों की स्थिति व निरुद्ध कैदियों को दी जा रही शैक्षिक एवं विधिक सुविधाओं का बारीकी से परीक्षण किया गया। अधिकारियों ने व्यवस्थाओं को और अधिक संवेदनशील एवं व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए।

डीएम व एसपी सुबह जिला कारागार पहुंचे तो जेल प्रशासन में हलचल तेज हो गई। दोनों अधिकारियों ने सबसे पहले कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता जांची। सभी कैमरे सक्रिय मिलने पर सुरक्षा निगरानी को संतोषजनक बताया गया। इसके बाद पाकशाला (रसोईघर) पहुंचकर बंदियों के लिए तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और निर्धारित मीनू के




अनुसार बन रहे खाने का जायजा लिया। अधिकारियों ने साफ–सफाई बनाए रखने और भोजन वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान पुरुष एवं महिला बंदीगृहों का भी भ्रमण किया गया, जहां बंदियों से उनके रहने, भोजन, चिकित्सा और अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और जेल प्रशासन को निराकरण के निर्देश दिए। महिला बंदीगृह के समीप संचालित आंगनवाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया गया, जहां बच्चों एवं महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समीक्षा की गई। इसके बाद अधिकारियों ने जिला कारागार स्थित चिकित्सालय का निरीक्षण कर दवाओं की उपलब्धता, स्वास्थ्य परीक्षण रजिस्टर तथा उपचार व्यवस्था को देखा। जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए कि बंदियों की सभी आवश्यक जांच समय से कराई जाएं तथा दवाइयों की उपलब्धता में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। गंभीर रोगियों की विशेष निगरानी रखने को भी कहा गया। जेल परिसर में संचालित राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान केंद्र का भी अवलोकन किया गया, जहां निरुद्ध बंदियों को शिक्षा से जोड़ने की पहल की समीक्षा हुई। जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि निरुद्ध बंदियों को आवश्यकता के अनुरूप विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाए, ताकि न्यायिक प्रक्रिया में उन्हें किसी तरह की असुविधा न हो।

## सूचना

प्रार्थी सनीया फातिमा पुत्री रहीस अहमद निवासी ग्राम बकंधा जनपद फतेहपुर की मूल निवासी है। प्रार्थनी दिनांक 30–01–2026 को रिक्शा से अपने घर जा रही थी तभी रास्ते में नउवाबाग के आसपास प्रार्थनी की 10वीं की मार्कशीट कहीं गिर गई काफी खोजबीन करने के बाद मार्कशीट नहीं मिली। सभी जनपद वासियों से निवेदन है कि जिसका रोल नम्बर 1751949 पड़ा है। इसकी सूचना मैंने संबंधित चौकी जेल रोड थाना कोतवाली में दर्ज करा दी है। किसी भी व्यक्ति को अगर मिले तो जेल रोड चौकी पहुंचाने का कष्ट करें महान दया होगी। प्रार्थिनी सनीया फातिमा पुत्री रहीस अहमद निवासी– ग्राम बकंधा थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर। मो0नं0– 7985025887







# डीएम ने रारा गौशाला का किया आकस्मिक निरीक्षण

## – गौशाला का संचालन संतोषजनक न पाए जाने पर बीडीओ व सचिव से स्पष्टीकरण

## – सीसीटीवी कैमरों का स्थान परिवर्तित करते हुए सुरक्षित व सही स्थान पर लगवाने की हिदायत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने रारा गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया। गौशाला में साफ–सफाई मानक के अनुरूप न पाए जाने पर व गौवंशों को ससमय भूसा व हरा चारा उपलब्ध कराने में लापरवाही बरतने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए खंड विकास अधिकारी व सचिव का स्पष्टीकरण जारी



करने के निर्देश दिए। उन्होंने बीडीओ से गौशाला में गौवंशो की संख्या की जानकारी ली इस पर बीडीओ ने बताया कि गौशाला में कुल 450 गौवंश हैं, सफाई कर्मचारी और केयरटेकर सहित कुल 13 कर्मचारी गौशाला में कार्यरत हैं।

डीएम ने हरे चारे और नेपियर घास की उपलब्धता की जानकारी ली। बताया गया कि कुल 14 बीघे में हरे चारे एवं दो बीघे में नेपियर घास की बुआई की गई है। उन्होंने वेटनरी डॉक्टर से उनके कार्य के बारे में जानकारी ली एवं निर्देशित किया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ अपना कार्य करें और समय समय पर टीकाकरण और अन्य कार्य करते रहें। कैमरे ऐसी जगह लगवाएं जहां से पूरी गौशाला का कवरेज भी हो जाए और सुरक्षा के .ष्टिगत कैमरे का स्थान सुरक्षित हो। उन्होंने पंचायत सचिव से गौवंशों को दिए जाने वाले पशुआहार और प्रतिदिन हरे चारे की खपत की जानकारी ली और निर्देशित किया कि यदि सही पशुआहार न मिलने से किसी गौवंश को समस्या हुई तो इसकी जिम्मेदारी पंचायत सचिव की होगी। उन्होंने गौशाला के गौवंश रजिस्टर, हरा चारा रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर, भ्रमण/निरीक्षण रजिस्टर को देखा और गुणात्मक सुधार लाने के निर्देश दिए। गौशाला में पर्याप्त मात्रा में वर्मी कंपोस्ट किट बनवाने के लिए निर्देशित किया जिससे ज्यादा से ज्यादा कम्पोस्ट खाद तैयार हो सके। उन्होंने कहा कि गौवंशो को श्रेणीवार अलग चिन्हित कर लें फिर उनको चारा दें जिससे सबको पर्याप्त मात्रा में चारा मिल सके और सभी पशु स्वस्थ रहें। उन्होंने दान के भूसे को सुरक्षित स्थान पर रखने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# बाइक भिड़ंत में ट्रैक्टर से कुचलकर युवक की मौत, सात घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। दो बाइकों की भिड़ंत में सड़क पर उछल कर गिरे युवक के ऊपर ट्रैक्टर ट्राली का पहिया चढ़ जाने से मौत हो गई। दुर्घटना कल्यानपुर थाने के बिंदकी मुरादीपुर रोड पर महरहा भट्ठा के पास हुआ। पुलिस शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दिया है। सात अन्य लोग भी घायल हुए हैं।

कल्यानपुर थाने के महरहा गांव निवासी राजा सोनकर उर्फ बृजेश की गांव में मुर्गा की दुकान हैं। बुधवार की देर रात मुर्गा काटते समय उंगली कट गई। इलाज कराने के लिए पड़ोसी दोस्त विशाल उर्फ शिवम राजपूत व सूरज सोनकर (22) बाइक से सीएचसी बिंदकी लेकर आ रहे थे। गांव से कुछ दूर ईंट भट्ठा के पास सामने से आ रहे बाइक सवार मलवां थाने के बसौनापुर गांव निवासी इंद्रेश जो भतीजी अकाशनी, फूफा अमौली चांदपुर के रहने वाले लक्ष्मी व यश को लेकर जा रहे थे, उनकी बाइक से सीधी भिड़ंत हो गई। सूरज बाइक से छिटक कर सड़क में गिरा, इसी दौरान बगल से निकल रहे ट्रैक्टर ट्राली के पहिया उसके पेट पर चढ़ गया। घायल को गंभीर हालत में सीएचसी लाया गया। इलाज के दौरान सूरज, बृजेश व विशाल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल ले जाते समय सूरज की मौत हो गई। सूचना पाते पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र में बिजली पोल में लगे झोंक में उतरे करंट से युवक की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के अहमदपुर उर्फ अचाकापुर के धर्म सिंह की दुकान के पास बिजली का ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। बुधवार की शाम गाँव के स्व.रमेश लोधी का पुत्र सैनील (22) किसी काम से दुकान गया था। बिजली के पोल की सेटी के लिए लगी झोंक को पकड़कर युवक खड़ा हो गया। झोंक में उतरे करंट की चपेट में आ जाने से युवक की मौके पर मौत हो गई। इकलौता पुत्र की मौत के बाद परिवार में दु:ख का पहाड़ टूट पड़ा। तीन बहनें थी सभी की शादियां हो चुकी हैं। पुत्र की मौत की सूचना पर माँ शिवदेवी बदहवास हो रही थी। मृतक के चाचा सीताराम की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची। प्रभारी निरीक्षक आलोक पाण्डेय ने बताया कि करेन्ट से युवक के मौत की जानकारी मिली है। पंचायतनामा भर कर शव का पीएम कराया जा रहा है।

# फरार बबलू पर और कसा पुलिस का शिकंजा, अब एक लाख का ईनाम

## - खागा गैंगरेप कांड में तेज हुई तलाश, इटारसी रेलवे स्टेशन पर मिली लोकेशन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के नौबस्ता रोड स्थित जंगल में मंगेतर के सामने युवती से सामूहिक दुष्कर्म के सनसनीखेज मामले में फरार मुख्य आरोपी बबलू सिंगरौर की गिरतारी को लेकर पुलिस ने शिकंजा और कस दिया है। पहले घोषित पचास हजार के इनाम को बढ़ाकर अब एक लाख किए जाने की तैयारी के बीच पुलिस की सात विशेष टीमें अलग–अलग राज्यों में लगातार दबिश दे रही हैं। सूत्रों के मुताबिक आरोपी के मध्य प्रदेश के इटारसी रेलवे प्लेटफॉर्म पर देखे जाने की सूचना के बाद पुलिस की तलाश और तेज कर दी गई है। इस बहुचर्चित वारदात में दो आरोपियों की गिरतारी पहले ही हो चुकी है, जबकि मुख्य आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। बीते चौबीस अप्रैल को हुई इस घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया था। भीषण गर्मी के बीच रिश्तेदारी जा रहे युवक–युवती को नौबस्ता रोड के जंगल में रोककर तीन दरिंदों ने पहले युवक को बंधक बनाया, फिर युवती के साथ घंटों दरिंदगी की। विरोध करने पर मारपीट, अश्लील वीडियो बनाने और यूपीआई के जरिए रुपये ट्रांसफर कराने तक के आरोप सामने आए। पीड़ित पक्ष का आरोप था कि 25 अप्रैल को थाने पहुंचने के बाद भी मुकदमा तत्काल दर्ज नहीं किया गया। मामला पुलिस अधीक्षक तक पहुंचने पर एफआईआर लिखी गई और लापरवाही सामने आने पर खागा कोतवाली प्रभारी को पहले लाइन हाजिर और बाद में निलंबित कर दिया गया, साथ ही कस्बा चौकी इंचार्ज पर भी गाज गिरी। घटना के बाद पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए नामजद तीन आरोपियों में से दो को गिरतार कर जेल भेज दिया था, लेकिन मुख्य साजिशकर्ता बबलू सिंगरौर फरार हो गया। शुरुआती दौर में उस पर 25 हजार, फिर 50 हजार का इनाम घोषित किया गया था और अब पुलिस मुख्यालय स्तर से इसे एक लाख तक बढ़ा दिया गया है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि सर्विलांस, मोबाइल लोकेशन, रेलवे मूवमेंट और रिश्तेदारों के नेटवर्क को खंगाला जा रहा है। सात टीमें उत्तर प्रदेश के अलावा मध्य प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान और आसपास के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं। इटारसी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर संदिग्ध मूवमेंट मिलने के बाद एसओजी और सर्विलांस यूनिट को भी सक्रिय कर दिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अब सिर्फ गिरफ्तारी तक सीमित नहीं रहना चाहती। फरार आरोपी और उसके नेटवर्क पर गैंगस्टर एक्ट लगाने की तैयारी की जा रही है। साथ ही उसकी अवैध संपत्तियों का ब्यौरा जुटाकर कुर्की की कार्रवाई की रूपरेखा बनाई जा रही है। प्रशासनिक सूत्र बताते हैं कि अपराध से अर्जित चल–अचल संपत्ति को चिन्हित करने के लिए राजस्व और पुलिस की संयुक्त रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है, ताकि आरोपी पर आर्थिक प्रहार भी किया जा सके। इससे स्पष्ट संकेत दिया जा रहा है कि पुलिस इस मामले में उदाहरण पेश करने के मूड में है। उधर पीड़िता और उसके परिवार को सुरक्षा उपलब्ध करा दी गई है। चिकित्सा सहायता, कानूनी सहयोग और



मनोवैज्ञानिक परामर्श की व्यवस्था भी प्रशासन की ओर से की गई है। शासन स्तर से इस मामले की फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है ताकि आरोपियों को शीघ्र सजा दिलाई जा सके। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि पीड़िता पर किसी प्रकार का दबाव या समझौते का प्रयास करने वालों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। इस जघन्य वारदात के बाद जिले की राजनीति भी उबाल पर है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अखिलेश यादव ने मामले को मुद्दा बनाकर सरकार को घेरा तो विभिन्न दलों के नेता पीड़िता के गांव पहुंचने की कोशिश में जुटे हैं। एक दिन पहले भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव के नेतृत्व में जा रहे प्रतिनिधिमंडल को भी पुलिस ने रास्ते में रोककर नजरबंद कर दिया था, जिसके बाद प्रशासन की भूमिका पर तरह–तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। विपक्ष इसे कानून–व्यवस्था की विफलता बता रहा है, जबकि पुलिस–प्रशासन पूरे घटनाक्रम को नियंत्रण में रखने के लिए हाई अलर्ट मोड पर है।

# आईसीएसई में प्लेवे के अंबर व आईएससी में सेंट जॉन्स की आराधना ने मारी बाजी

## - रिजल्ट आते ही विद्यार्थियों के चेहरों पर दिखी मुस्कान

## - विद्यालय प्रबंध तंत्र ने मेधावियों को सम्मानित कर बढ़ाया हौसला

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नई दिल्ली बोर्ड के आईसीएसई में प्लेवे इंग्लिश स्कूल के अम्बर बाजपेयी ने 97.




4 प्रतिशत अंक व आईएससी में सेंट जॉन्स स्कूल की आराधना वर्मा ने 95.25 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में टाप किया। इस बोर्ड से संचालित जिले के तीन विद्यालयों में जश्न का माहौल रहा। रिजल्ट आते ही विद्यार्थियों के चेहरों पर मुस्कान दिखी। विद्यालय प्रबंध तंत्र ने मेधावियों का मुंह मीठा कराकर व माला पहनाकर हौसला बढ़ाया। शहर के शादीपुर स्थित प्लेवे इंग्लिश स्कूल में आईएससी 12 वीं व आईसीएसई 10 वीं का परीक्षा परिणाम आते ही विद्यार्थियों में खुशी का माहौल देखा गया। विद्यालय में अभिभावकों व छात्र–छात्राओं की भीड़ एकत्रित हो गई। आईएससी 12 वीं सौम्या अग्निहोत्री ने 93 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में टाप किया। शक्ति सिंह ने 91.5 प्रतिशत के साथ द्वितीय व अनुष्का श्रीवास्तव ने 87.5 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। इसी तरह आईसीएसई 10 वीं में अंबर बाजपेयी ने 97.4 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय व जिले में टाप कर अपना परचम फराया। प्रारब्ध सिंह ने 93.4 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय व आदित्य मौर्य ने 92.8 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। सभी छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय माता–पिता व गुरूजनों को दिया। वह एक योग्य इंजीनियर, डाक्टर, वैज्ञानिक, प्रशासनिक सेवा में जाकर देश की सेवा करना चाहते हैं। कक्षा 12 वी व 10 वीं का रिजल्ट शत–प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य इरम जाफरी ने विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराकर उन्हें आशीर्वाद दिया। प्रबंधक हुसैन अख्तर जाफरी ने सफल छात्र–छात्राओं को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होने कहा कि वे देश के योग्य नागरिक बनने के साथ एक अच्छे इंसान भी बनें। अपने माता–पिता का सम्मान बढ़ाने के साथ–साथ विद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ाएं। उधर सेंट जॉन्स स्कूल में भी शत–प्रतिशत परिणाम आया। आईसीएसई 10 वीं में प्रथम स्थान पर सृष्टि सिंह 94.2 प्रतिशत अंक, द्वितीय स्थान तल्हा कमर 93.6 प्रतिशत, तृतीय स्थान उज्जवल कश्यप 93.4 प्रतिशत हासिल किए। आईएससी 12 वीं में आराधना वर्मा ने 95.25 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय व जिले में टाप किया। द्वितीय स्थान पर अमित मौर्या 94.75 प्रतिशत, तृतीय स्थान आस्था अरूण कुशवाहा 90.5 प्रतिशत अंक हासिल किए। प्रधानाचार्या सिस्टर मैरी कुट्टी जोसफ ने विद्यार्थियों को बधाई दी। उधर आरवीएस इंटरनेशनल स्कूल में भी जश्न का माहौल रहा। 10 वीं में इंदु ने 92.40 प्रतिशत, अनुराग शर्मा व मयंक प्रताप सिंह ने 88.00 प्रतिशत, नितिन तिवारी ने 83.20 प्रतिशत अंक हासिल किए। 12 वीं विज्ञान संकाय में शिवांशु चौधरी व तेजस कुमार ने 95.00 प्रतिशत, सुयश बाजपेयी, अंश कुमार दुबे व शाश्वत बाजपेयी ने 94.00 प्रतिशत, युवराज सिंह ने 92.00 प्रतिशत, गुड़िया व मानवी ठाकुर ने 89.00 प्रतिशत व आराध्या गुप्ता ने 87.00 प्रतिशत अंक हासिल किए। आरवीएस ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन के चेयरमैन बिंदा सिंह व शैक्षिक निदेशिका वीशा मोहिन्द्रा, प्रधानाचार्या सुनीता श्रीवास्तव ने बच्चों को शुभकामनाएं दी। मिठाई खिलाकर व एक दूसरे को बधाईयां देकर खुशियां मनाई।

# जनगणना प्रशिक्षण : प्रशिक्षणदाता व अटेवा जिलाध्यक्ष का हुआ स्वागत

## - प्रशिक्षण के बाद बैठक कर पुरानी पेंशन के आंदोलन में प्रतिभाग करने का लिया संकल्प

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। असोथर नगर पंचायत में चल रहे जनगणना प्रशिक्षण के अंतिम दिन शिक्षकों ने प्रशिक्षण दे रहे फील्ड ट्रेनरों के व्यवहार एवं प्रशिक्षण कौशल से प्रभावित होकर प्रशिक्षण दे रहे निशेष साहू एवं अटेवा जिलाध्यक्ष निधान सिंह का फूलमाला एवं अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। प्रशिक्षण के तीसरे दिन प्रशिक्षण स्थल पर ठीक–ठाक भोजन व्यवस्था होने के कारण शिक्षकों ने व्यवस्थापकों को धन्यवाद भी ज्ञापित किया। साथ ही शिक्षकों ने एक समस्या की ओर भी प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि अभी खबर आ रही है कि उड़ीसा में जनगणना कार्य में लगे हुए दो शिक्षकों की लू लगने के कारण 27 अप्रैल को मौत हो चुकी है जबकि प्रदेश में जनगणना का कार्य मई और जून माह में किया जाएगा। इसलिए भीषण गर्मी को देखते हुए उचित कदम उठाए जाएं। प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद शिक्षकों ने बैठक कर अपने बुढ़ापे की लाठी पुरानी पेंशन के आंदोलन में बढ़–चढ़कर प्रतिभाग करने का संकल्प लिया। ब्लॉक



अध्यक्ष रामसेवक पाल ने कहा कि जब नेताओं को पेंशन है तो शिक्षकों एवं सीमा पर डटे अर्धसैनिक बलों के जवानों को पेंशन क्यों नहीं? ब्लॉक महामंत्री पुष्पेन्द्र सिंह ने भी बैठक को संबोधित किया। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष देवेंद्र पाण्डेय, तहसील प्रभारी संदीप यादव, संदीप साहू, पवन पांडेय, शैलेंद्र सिंह, शिव प्रसाद, ललिता यादव, जय प्रकाश, सुनील कुमार, आशीष द्विवेदी, राजू, पवन पाण्डेय, रामसेवक पाल, प्यारे लाल पाल भी उपस्थित रहे।

# रेडक्रास कार्यकारिणी का चुनाव 26 मई को

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रास सोसाइटी उत्तर प्रदेश राज्य शाखा के महासचिव रामानंद कटियार से प्राप्त निर्देशों के क्रम में इंडियन रेडक्रास सोसाइटी फ़तेहपुर का चुनाव 26 मई मंगलवार को विकास भवन सभागार में सम्पन्न किया जायेगा। जिसमें आजीवन सदस्य, पैटर्न, वॉइस पैटर्न सदस्य ही चुनाव में भाग लेंगे। चुनाव प्रक्रिया राज्य शाखा द्वारा भेजे जाने वाले पर्यवेक्षक व जिलाधिकारी द्वारा नामित चुनाव अधिकारी की देखरेख में होगी। चुनाव तिथि घोषित होते ही आचार संहिता लागू हो जाती है। इसलिए चुनाव प्रक्रिया तक नए सदस्य नहीं बनाए जा सकेंगे। महासचिव ने कहा कि पुरानी कार्यकारिणी भंग होने के साथ डॉ अनुराग श्रीवास्तव चुनाव प्रक्रिया तक कार्यकारी चेयरमैन बने रहेंगे। सभी आजीवन सदस्यों को चुनाव वाले दिन आधार कार्ड व रेडक्रास सदस्यता प्रमाण पत्र या आजीवन सदस्यता रसीद लेकर आनी रहेगी। सदस्यता सूची प्राप्त की जा सकती है।

# मुंडन संस्कार से लौट रहे दम्पति की सड़क हादसे में मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के खेमकरणपुर गांव के समीप स्थित लोहिया पुल के समीप बुधवार की दोपहर भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में मुंडन संस्कार से लौट रहे दम्पति की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों की मौत के बाद मौके पर लोगों ने जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

खागा कोतवाली क्षेत्र के चौडाखेर निवासी शुभाष सिंह 28 वर्ष अपनी पत्नी सोनम सिंह 25 वर्ष के साथ मुंडन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए किशनपुर थाना क्षेत्र के सरौली गांव आया हुआ था। मुंडन संस्कार के कार्यक्रम के समापन के बाद वह पत्नी को लेकर वापस लौट रहा था। जैसे वह ससुर खदेरी नदी में बने लोहिया पुल के समीप पहुंचा की अचानक खागा की तरह से आ रहे तेज रतार ट्रक से बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। बाइक की भिड़ंत इतनी तेज थी कि बाइक सवार सवार महिला दस मीटर दूर जाकर गिरी। हादसे में युवक की मौके पर मौत हो गई। वहीं सड़क हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए भेजा गया। जहां पर महिला ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। सड़क हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना पर लोगों ने जाम लगा दिया जिसके बाद पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। जिसके बाद पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मामले में किशनपुर प्रभारी निरीक्षक बच्चेलाल प्रसाद ने बताया कि ट्रक को कब्जे में लेकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# सड़क हादसे में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के आरापुर मोड़ के समीप विगत चार दिन पूर्व निमंत्रण से पैदल घर आ रहे 65 वर्षीय वृद्ध को चार पहिया ने टक्कर मार दिया था। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उपचार के दौरान बुधवार की शाम सदर अस्पताल में मौत हो गयी।

बताते चलें कि गाजीपुर थाना क्षेत्र के करसवां गांव निवासी स्व0 शिवनाथ का पुत्र अमर सिंह 26 अप्रैल को आरापुर निमंत्रण में गया था। जहां से पैदल वापस आते समय आरापुर मोड़ के पास ही चार पहिया ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां जिन्दगी और मौत के बीच संघर्ष करते करते बुधवार की शाम उसने दम तोड़ दिया। वहीं सूचना पर पुलिस ने जिला चिकित्सालय मोर्चरी पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाबत जानकारी पोस्टमार्टम हाउस में मृतक का दामाद सोहन लाल ने दी है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार दो घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली व हुसैनगंज थाना क्षेत्र के बीच गुरूवार की सुबह चार पहिया वाहन की चपेट में आ जाने से बाइक सवार दो लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार कानपुर नगर के थाना रेउना गांव रजी खालसा निवासी किशन सिंह 20 वर्षीय पुत्र बीपी सिंह व हृदय सिंह का 40 वर्षीय पुत्र बबलू सिंह बाइक से रायबरेली जनपद के लालगंज जा रहे थे। बताते है कि जैसे ही यह लोग को सदर कोतवाली व हुसैनगंज थाना क्षेत्र के बीच पहुंचे तभी चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे दोनो घायल हो गये। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने दोनो घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# महिला को सर्प ने डंसा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम बहरामपुर में बीती रात घर में सो रही 50 वर्षीय महिला को जहरीले सर्प ने डस लिया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार बहरामपुर गांव निवासी दिनेश कुमार की पत्नी सुशीला देवी अपने कमरे में सो रही थी। तभी देर रात जहरीले सर्प ने उर्से डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुयी तो उसे तत्काल सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज कर रहे चिकित्सक ने महिला की हालत में सुधार बताया है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )